वर्ष- 21 अंक - 329 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शुक्रवार 15 मई 2026




## 3-3 रुपए बढ़े भाव फिर भी घाटे में कंपनियां

शुक्रवार ● एजेंसी

ईरान-अमेरिका युद्ध के कारण भारत के लोगों पर महंगाई की चौतरफा मार पड़ रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में एक साल तक सोना न खरीदने, पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील लोगों से की थी। इसके तुरंत बाद सरकार ने आयात शुल्क बढ़ाया तो सोना-चांदी महंगा हो गया। इसके बाद अमूल, मदर डेयरी और सांची ने दूध के भाव बढ़ा दिए। मुंबई में सीएनजी के भाव 2 रुपए बढ़ाए गए, अब तेल कंपनियों ने भी पेट्रोल-डीजल के दाम में 3-3 रुपए की वृद्धि की है। इसी तरह दिल्ली में भी सीएनजी के दाम में 2 रुपए बढ़ाए गए हैं। पेट्रोल-डीजल में यह वृद्धि अप्रैल 2022 के बाद हुई है। 3 रुपए की वृद्धि के बावजूद तेल कंपनियों को अभी भी 25-30 रुपए का घाटा हो रहा है। तेल कंपनियों को रोज 1600 से 1700 करोड़ का नुकसान हो रहा है।

## चुनाव खत्म, मोदी की वसूली शुरू

### कांग्रेस ने मोदी को बताया महंगाई मेन

**पेट्रोल, डीजल के रेट बढ़ते ही कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए मोदी को महंगाई मेन बताया। कांग्रेस ने यह भी कहा कि चुनाव खत्म होते ही मोदी की वसूली शुरू हो गई है। इस बीच दिल्ली के लोगों का कहना है कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने के बजाए सांसदों-विधायकों के वेतन, पेंशन, भत्ते कम होना चाहिए।**

## शेयर बाजार में हरियाली

**आज सुबह सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली बढ़त दर्ज की गई। दूसरी ओर, रुपया कमजोर हुआ। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 300 अंकों से अधिक चढ़ा वहीं निफ्टी भी 23750 के पार पहुंच गया है।**

## गोवा कांग्रेस नेता केतन भाटीकर की सांप के काटने से मौत

**पणजी.एजेंसी।** गोवा कांग्रेस के नेता केतन भाटीकर की सांप के काटने से मौत हो गई। घटना गुरुवार रात को हुई, जब भाटीकर (38) कर्नाटक के दांडेली गांव जा रहे थे। भाटीकर किसी काम से गोवा-कर्नाटक बॉर्डर पर करमल घाट पर उतरे थे, तभी एक सांप ने उन्हें काट लिया। उन्हें तुरंत गोवा के धरबंदोरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। भाटीकर पोंडा उपचुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार थे, जिसे हाईकोर्ट के फैसले के बाद रद्द कर दिया गया था। उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ एक विशेष अनुमति याचिका के जरिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, जो अभी लंबित है।

## धार भोजशाला पर फैसला आज

### जुमे की नमाज के दिन 12 लेयर में बंटी धार की सुरक्षा

इंदौर/धार ● सिटी ब्लास्ट

धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला का धार्मिक स्वरूप आज निर्धारित हो जाएगा। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ में इस मामले में पांच जनहित याचिकाएं और एक अपील पर सुनवाई पूरी हो चुकी है। छह अप्रैल से 12 मई 2026 तक नियमित सुनवाई हुई। 24 दिन, 43 घंटे सुनवाई के बाद 12 मई को कोर्ट ने सभी याचिकाओं में निर्णय सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी यह फैसला सुनाएंगे। इसके बाद ही तय होगा कि भोजशाला मंदिर है या मस्जिद। आज जुमे की नमाज का दिन भी है और आज ही भोजशाला का फैसला होना है। ऐसे में धार में तनाव भी फैल सकता है। इसी आशंका के चलते भोजशाला को फौजशाला बना दिया गया। यहां सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं और धार के सभी संवेदनशील इलाकों में भी बड़ी तादाद में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। पूरे धार में 12 लेयर की सुरक्षा लगाई गई है। चूंकि फैसला इंदौर हाईकोर्ट में होना है इसलिए इंदौर में भी आज सुरक्षा बढ़ा दी गई है और संवेदनशील इलाकों में बड़ी तादाद में पुलिस बल तैनात है।



## उप्र में आंधी-तूफान, बारिश-बिजली से 113 की मौत, 170 पशुओं की भी गई जान

### हवा में उड़ गए माता-पिता और बेटा

लखनऊ ● एजेंसी

उत्तरप्रदेश में आंधी-तूफान, बारिश और बिजली गिरने से मरने वालों का आंकड़ा 113 तक पहुंच गया। इस दौरान 170 जानवरों की भी जान चली गई। अकेले प्रयागराज में 24 लोगों की मौत हुई। जबकि भदोही में 16 लोगों की जान गई। 200 से ज्यादा मकान भी क्षतिग्रस्त हुए। बड़ी तादाद में पेड़ और खंभे गिर गए। पेड़ गिरने से कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं और कई लोगों की जान भी चली गई। उप्र के बदायूं में एक किशोर लड़का हवा में उड़कर पड़ोसी के घर पर जा गिरा। माता-पिता भी उड़कर अलग-अलग जगह गिरे। इसके पहले बरेली में नन्हें अंसारी नामक व्यक्ति 50 फीट ऊपर उड़कर गिरा था जिससे उसके हाथ-पैर टूट गए थे।



## पाकिस्तान में आतंकियों ने सेना कैंप में किया धमाका 15 सैनिकों की मौत

**लाहोर.एजेंसी।** पाकिस्तान के बाजौर में पाकिस्तानी सेना के एक कैंप पर आत्मघाती हमला हुआ जिसमें कम से कम 15 सैनिकों की मौत हो गई। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। ये हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक हफ्ते में दूसरा आत्मघाती हमला है। आतंकियों ने सबसे पहले सेना की सुविधा वाले हिस्से में एक जोरदार धमाका किया। इस धमाके से मची अफरा-तफरी का फायदा उठाकर हथियारों से लैस आतंकवादी कैंप के अंदर घुस गए। इसके बाद वहां काफी देर तक मुठभेड़ भी चली।

## भाभी को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया

**ग्वालियर.एजेंसी। ग्वालियर के भितरवार इलाके में एक शख्स ने अपनी भाभी पर पेट्रोल छिड़कर आग लगा दी। इससे वह बुरी तरह झुलस गई। अभी भी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।**

## न्यूज़ ब्रीफ...

### सोना-चांदी में गिरावट

**नई दिल्ली.एजेंसी।** सोना-चांदी पर आयात शुल्क बढ़ाने के बाद सोना में 10 हजार रुपए और चांदी में करीब 20 हजार रुपए की तेजी आई थी, लेकिन इसके बाद कल गुरुवार के बाद आज भी सोना-चांदी के भाव में गिरावट दर्ज की गई। पिछले दो दिनों में चांदी के भाव 23 हजार रुपए कम हुए जबकि सोना के दाम में करीब 2500 रुपए की गिरावट आई। जो चांदी एमसीएक्स दो दिन पहले 3 लाख पार हो गई थी वह अब 2 लाख 80 हजार पर आ गई। इसी तरह सोना एमसीएक्स 1 लाख 60 हजार रुपए के करीब आ गया।

### 21 जून को होगी नीट की परीक्षा

**नई दिल्ली.एजेंसी।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट, यूजी 2026 की परीक्षा रद्द करने के बाद अब दोबारा पेपर की नई तारीखों का ऐलान कर दिया है। परीक्षा का आयोजन 21 जून को किया जाएगा। मेडिकल की पढ़ाई करने का सपना देख रहे लाखों छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए यह बड़ी खबर है। इस परीक्षा में करीब 22 लाख विद्यार्थी बैठेंगे। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जल्द जारी होंगे।

### आरएसएस दफ्तर जासूसी केस में बड़ा खुलासा

**लखनऊ.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश एटीएस की पूछताछ में एक के बाद एक बड़े खुलासे सामने आ रहे हैं। बाराबंकी और कुशीनगर से गिरफ्तार दानियाल अशरफ और कृष्णा मिश्रा से पूछताछ में पता चला है कि आरएसएस दफ्तर और थाने की रेकी की गई थी। वहां के फोटो और वीडियो भी पाकिस्तानी हैंडलर तक पहुंचाए गए थे। इतना ही नहीं, पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने कई अन्य युवकों के नाम भी बताए हैं, जिसके बाद एटीएस अब पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गई है।

### बड़े काफिले के साथ पहुंचे मुख्यमंत्री भगवंत मान, मोदी की अपील की उड़ाई धज्जियां

**गुरुदासपुर.एजेंसी।** पंजाब की आप सरकार के मुखिया भगवंत मान गुरुदासपुर के बटाला स्थित महाराज दर्शन दास के डेरे में आयोजित धार्मिक समागम में पहुंचे। इस दौरान उनके साथ गाड़ियों का बड़ा काफिला भी था। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील की थी, जिसके बाद कई नेताओं ने अपने काफिले की गाड़ियां कम कर दीं, लेकिन भगवंत मान ने मोदी की अपील का मान न करते हुए उनकी अपील की धज्जियां उड़ाईं। धार्मिक समागम में उन्होंने नशे के खिलाफ अभियान चलाने की बात कही। जबकि खुद भगवंत मान पर शराब पीने के आरोप लगते रहते हैं।

# निगम नहीं पहुंचा पा रहा है आधी आबादी तक नर्मदा जल -चौकसे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



कांग्रेस आज निगम के 22 झोन और उसके बाद निगम उपायुक्त कार्यालय का घेराव कर रही है। प्रदर्शन के एक दिन पहले शहर कांग्रेस अध्यक्ष और निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कल पत्रकारों से चर्चा की और कहा कि इंदौर नगर निगम की लापरवाही के कारण इस समय इंदौर शहर गंभीर पानी के संकट का सामना कर रहा है। आधे शहर में तो नर्मदा का पानी आता ही नहीं है और जहां आता है वहां पर भी ना तो पर्याप्त प्रेशर से पानी मिल रहा है ना ही पर्याप्त पानी मिल रहा है। नल में गंदा पानी आने की समस्या 35 लोगों की मौत होने के बाद भी हल नहीं हो पा रही है। इंदौर नगर निगम लापरवाही से काम करने का पूरे देश का आदर्श ठिकाना बन गया है। चौकसे ने कहा कि शहर में जिन स्थानों पर नर्मदा की पाइपलाइन नहीं है उन स्थानों पर नागरिक अपनी पानी की आवश्यकता को बोरिंग के माध्यम से पूरा करते हैं। तेज गर्मी के कारण अधिकांश बोरिंग सूख गए है। कहीं पानी नीचे उतर गया है तो कहीं मोटर जल गई है। जो निजी बोरिंग है वह तो व्यक्ति खुद अपने बोरिंग को सही करने की जुगत में लगा हुआ है लेकिन जो सरकारी बोरिंग है उनमें सारी व्यवस्थाएं नगर निगम के भरोसे पर है। जब नर्मदा पेयजल योजना का तीसरा चरण लाया गया था उस समय यह दावा किया गया था इंदौर की वर्ष 2040 की आबादी के हिसाब से पर्याप्त पानी आ गया है। यह दावा कितना सही था। यह इस समय नजर आ रहा है। वर्ष 2026 की आबादी को भी पर्याप्त पानी इस तीसरे चरण से नहीं मिल पा रहा है। निगम द्वारा पार्षदों को उनके क्षेत्र की पानी की समस्या वाले क्षेत्र में पानी पहुंचाने के लिए टैंकर दिए गए हैं। यह कितना बड़ा मजाक है कि पार्षदों को दिए गए टैंकर में पानी भरने के लिए नगर निगम के पास व्यवस्था नहीं है। कई स्थानों पर हाइड्रेंट बंद हो गए हैं। अब तो यह हालत है कि पार्षद का टैंकर भी पूरे दिन में बड़ी मुश्किल से दो या तीन राउंड लगा पाता है। ऐसे में किसी भी पार्षद के लिए भी अपने वार्ड की पानी की समस्या से परेशान हो रही जनता को राहत दे पाना संभव नहीं है।उक्त पूर्ण जानकारी चिंटू चौकसे द्वारा दी गई।



## सड़क निर्माण की सौगात

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 3 के वार्ड 60 सियागंज के समीप वेयर हाउस की गलियों में सीमेंट सड़क का भूमिपूजन किया गया। 12 लाख रु. की लागत से यह सड़क बनना है। यहां रहवासी कम है, लेकिन दुकानें खूब है और वाहनों का आना-जाना भी बड़ी तादाद में रोजाना रहता है। व्यापारियों की मांग पर सड़क की सौगात दी गई। साथ ही ड्रेनेज लाइन, बोरिंग लाइन की भी व्यवस्था की जा रही है। विधायक गोलू शुक्ला, रंजना पीपले, पारस खिंची, सन्नी शर्मा, मोहन हार्डिया, राहुल राणे, संदीप कुंडवानी, पीयूष बजाज भूमिपूजन में मौजूद रहे।

## अधिवक्ता महापौर ने चार्टर्ड अकाउंटेंट और चिकित्सकों के साथ किया संवाद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव खुद अधिवक्ता है और कल उन्होंने चिकित्सकों और चार्टर्ड अकाउंटेंट के साथ स्वच्छता मुद्दे पर संवाद किया। दोनों ही बुद्धिजीवी पढ़े-लिखे लोगों ने इंदौर के भविष्य के लिए सुझाव दिए। ट्रैफिक अनुशासन, सोलर ऊर्जा, पर्यटन, नशामुक्ति और शहरी सौंदर्यीकरण पर रखे गए ठोस प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए। डॉ. अरुण अग्रवाल ने कहा घूमना और साइकल चलाने के लिए प्रेरित किया जाए। डॉ. शिवाजी राव ने कहा यातायात अनुशासन और सुदृढ़ होना चाहिए। डॉ. सतीश लाहोटी, डॉ. महेश राठी ने कहा यातायात को लेकर सख्त नियम की



आवश्यकता है। डॉ. दीपक जाजू, डॉ. राई सिंघानी ने शराब पीकर वाहन चलाने और लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण पर सुझाव दिए। डॉ. रवि वर्मा ने कहा बड़े संस्थान और अस्पताल को सोलर पैनल और सोलर पार्किंग को बढ़ावा देना चाहिए। सीए एसएन गोयल, पूजा शर्मा, दीपिका अग्रवाल, अनिल गर्ग ने फ्लाय ओवर की संख्या बढ़ाने, नशे से बढ़ते कारोबार पर नियंत्रण करने, महिला ऑटो चालकों को विशेष प्रशिक्षण देने, खाली प्लाट से कचरा-मलबा हटाने के सुझाव दिए। महापौर ने भी अपनी बात रखी और कहा कि जनभागीदारी से इंदौर का भविष्य बनेगा। आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। नर्मदा के चौथे चरण से शहर के अतिरिक्त जल उपलब्ध कराया जाएगा। सब कार्यों में जनभागीदारी जरूरी है, इसमें आम लोगों को सजग रहकर सहयोग देना होगा।

## दो बच्चों की मौत वाली नालियां ठीक की जाए



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बड़ेगांव देपालपुर के वार्ड क्रमांक 6 में एक ही परिवार की दो मासूम बालिकाओं की मृत्यु 8 फीट गहरी कच्ची-पक्की नालियों के कारण हो गई थी। इस घटना की जानकारी पर कांग्रेस नेता और दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष मोतीसिंह पटेल ने घटना पर चिंता जताई और कहा कि रहवासी लम्बे समय से इस नाली को ठीक करने और इन नालियों के कारण ड्रेनेज का पानी घरों में पहुंचने की शिकायत पूर्व से कर रहे हैं। मोतीसिंह पटेल ने प्रभावित परिवार में पहुंचकर सांत्वना भी दी और परिषद से इन नालियों को ठीक करने की गुहार भी लगाई। कहा कि आगे भी कोई हादसा ना हो इसलिए परिषद को जल्द ही इन नालियों को ठीक कराना चाहिए और लोगों को इन नालियों के कारण जो गंदा पानी ड्रेनेज का नलों की लाइन से मिल रहा है उसे भी तत्काल ठीक किया जाना चाहिए। साथ ही नालियों का निर्माण पक्का कराया जाए ताकि आगे कोई घटना ना घटे। पटेल ने कहा कि लगभग एक वर्ष पूर्व स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत देपालपुर एवं नगर निगम इंदौर के बीच (एमओयू) समझौता हुआ और लाखों रुपए स्वच्छता के नाम पर खर्च कर दिए इसी बीच 10 बार इंदौर नगर निगम और देपालपुर पंचायत के सयुक्त कार्यक्रम हुए हैं और इसके अंतर्गत बस स्टेंड के पास मैन रोड़ से लगी ये सभी रहवासी बस्तियों का भी जिक्र है। सीधे तौर पर यह प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है।



## हर जिले में योग प्रशिक्षण केंद्र खुलेंगे -योग आयोग अध्यक्ष

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रदेश के हर जिले में योग कमेटी बनी है। हम ब्लॉक और वार्ड स्तर पर कमेटियां बनाएंगे। हर जिले में योग प्रशिक्षण केंद्र भी खोले जाएंगे और तैयार हुए प्रशिक्षकों को अलग अलग स्थानों पर भेजा जाएगा। यह बात मध्यप्रदेश योग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा ने कही। इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित चाय पर चर्चा कार्यक्रम में पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में योग आयोग वर्ष 2022 में बना है। गुजरात और छत्तीसगढ़ में भी योग आयोग बने है और बेहतर काम कर रहे है। मै दोनों योग आयोग के अध्यक्षों से जल्दी ही मिलूंगा। प्रदेश में भी कोशिश की जाएगी कि योग केंद्र पंजीबद्ध हो और फिर उनका संचालन हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार ने योग नीति बनाई है। उसे शिक्षा के साथ लागू किया गया है। उसका पाठ्यक्रम भी तैयार हो रहा है। जल्दी ही वह प्रिंट भी होगा। प्रदेश में योग शिक्षा विभाग से जुड़ा है।

## मांगलिया पेट्रोल डीपो को दूर शिफ्ट करवाया जाए-टोनेरे

### आग के बाद हादसा तो टल गया लेकिन चेतावनी दे गया

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सामाजिक कार्यकर्ता और पार्षद के दावेदार राजा टोनेरे ने प्रदेश सरकार और प्रशासन से आग्रह किया है कि मांगलिया पेट्रोल-डीजल डिपो को आबादी क्षेत्र से दूर शिफ्ट करवाया जाए। कल मांगलिया डिपो क्षेत्र में पेट्रोल टैंकर में आग लग गई थी यह तो गनीमत है कि टैंकर खाली था जिससे समय रहते आग पर नियंत्रण कर लिया गया। टोनेरे ने कहा कि कल एक बडा हादसा टल गया लेकिन प्रशासन के लिए बड़ी



चेतावनी दे गया। इससे सबक लेना चाहिए अगर टैंकर खाली नहीं होता और अगर उसमें पेट्रोल होता तो तो बड़ा हादसा हो सकता था। टोनेरे ने कहा कि मांगलिया क्षेत्र में पेट्रोलियम पदार्थ के डिपो है, साथ में कुछ उद्योग भी है इन उद्योगों में भी बडी संख्या में लोग कार्यरत है, रहवासी क्षेत्र में भी लोग निवासरत है, इसलिए कल हुए इस हादसे से सबक लेकर तेल कम्पनियों के डिपो को रहवासी क्षेत्र से दूर किया जाए। अगर शिफ्टिंग में देरी हो तो मांगलिया डिपों क्षेत्र में जरुरत के हिसाब से बडा ओर स्थायी फायर ब्रिगेड स्टेशन बनवाया जाना चाहिए।

## मुख्यमंत्री के साथ मंत्री और अध्यक्ष ने की घायलों से मुलाकात

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** देवास के टोंक कलां में हुए पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से घायल हुए लोग अस्पताल में दाखिल किए गए हैं। इंदौर पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री तुलसीराम सिलावट, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने भी सुरक्षा कवच पहनकर अस्पताल में घायलों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दोनों ही अस्पताल एमवाय और चोइथराम में घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल भी जाना और





चिकित्सकों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश भी दिए। यादव ने कहा कि सरकार हादसे में प्रभावित लोगों की हर संभव सहायता करेगी। घायलों का उपचार शासन करा रहा है और मृतकों को 4-4 लाख रु. की आर्थिक सहायता की घोषणा भी की गई। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री दिल्ली से सीधे इंदौर पहुंचे थे और घायलों से मिलने भी पहुंच गए।

# कांग्रेस ने एक साथ बोला 22 झोन पर जल समस्या को लेकर धावा
## कांग्रेसियों में था उत्साह, कई तो निर्धारित समय के पहले ही पहुंच गए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के आह्वान पर आज कांग्रेसियों ने नगर निगम के 22 झोन पर एक साथ जल समस्या को लेकर धावा बोला। कांग्रेसियों ने पानी दो...पानी दो...के नारे भी गुंजाए। कांग्रेस प्रभारी दीपू यादव, राजू भदौरिया, दीपक जोशी, शैलेष गर्ग, देवेन्द्रसिंह यादव, अमन बजाज अपनी विधानसभा के अलग-अलग झोन पर पहुंचकर कांग्रेसियों का उत्साह बढ़ाते दिखे।



शहर कांग्रेस अध्यक्ष भी अपनी झोन के अलावा अन्य झोनों पर भी पहुंचे। कांग्रेसियों ने भाजपा पार्षद और विधायकों को भी झोन पर आज कोसा और उनके खिलाफ नारेबाजी भी की। कांग्रेसियों ने हर झोन पर जल समस्या हल करने के लिए ज्ञापन भी दिया। राजेश चौकसे, राधेश्याम पटेल, विनितिका यादव, अर्चना जायसवाल, अमित चौरसिया, सन्नी राजपाल, धर्मेन्द्र गेंदर, इम्तियाज बेलिम, गिरिश चितले, मनीष मिंडा, जीतू दीवान, विजेन्द्रसिंह चौहान, प्रेम वर्मा, विशाल जोशी, नीलेश सेन शैलू, विशाल चतुर्वेदी, सुनील पाल, संजय अरोड़ा, विकास जोशी, अरविंद बागड़ी, सोहराब पटेल, प्रेम खड़ायता, नरसिंह कुंडलवाल, अंकित दुबे, शंकर नेनावा, सुनील गोधा, पंकज जैन, विवेक यादव, ठाकुर जितेन्द्र सिंह, जगदीश सेन, हरीश भावसार, गुड्डू वर्मा, शेखर गिरि, अनवर दस्तक, रफीक खान, सादिक खान, मजहर हुसैन सेठजीवाला, आफताब खान, नासिर खान, सुवेग राठी, बंटी बदलानी, दानिश खान, जीतू होलकर, गणेश वर्मा, युवराज रघुवंशी, चिंटू वर्मा, दीपक मलोरिया रानू, ज़तिन थोरात, बिट्टू शर्मा, प्रहलाद महावर, पप्पू मालवीय, सुधीर सेठिया, सुयश बाकलीवाल, प्रकाश महावर, सरिता काला,दीपा मिश्रा, विजेता मुंगि, सत्यनारायण मोदी, जौहर मानपुरवाल, श्याम यादव, गजेन्द्र वर्मा, शेख अलीम, आनन्द कासलीवाल, अजय सीतलानी, अभय वर्मा, सुनील यादव, मधुसूदन भलिका, घनश्याम जोशी, सत्यनारायण सलवाड़िया, राजेश जोशी, हिमांशु यादव, प्रमोद द्विवेदी, प्रकाश पटेल, हर्ष जैन, क़मलेश पाठक, नितेश राजोरिया, सरफराज अंसारी, योगेन्द्र मौर्य, विक्रमसिंह सचान, आशीष यादव, मुकेश पुरी, ईश्वर जोशी सहित सैकड़ों कांग्रेसियों ने आज अलग-अलग झोन पर प्रदर्शन किया।

# कांग्रेस नेता ने दी 6 पानी के टैंकर की सौगात
## धार रोड स्थित बांक पंचायत में कार्यक्रम के अन्तर्गत दिखाई हरी झंडी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

समाजसेवी और कांग्रेस नेता शादाब पटेल ने इस गर्मी के सीजन में चल रहे जलसंकट को दूर करने के लिए बांक पंचायत क्षेत्र के लिए 6 पानी के टैंकर तैयार कराए और कार्यक्रम आयोजित कर इन 6 पानी के टैंकर को हरी झंडी कार्यक्रम में दिखवाई और इन टैंकर को जनता की खिदमत के लिए रवाना किया गया। पानी का जल स्तर गिरने के कारण पानी की समस्या बनी हुई है।

बांक पंचायत क्षेत्र में पानी की समस्या को कम करने के लिए यह टैंकर नि:शुल्क शुरू कराकर प्रभावित इलाके में जल वितरण का काम शुरू करा दिया गया। ग्रीनपार्क कॉलोनी, बाँक अहमद नगर, राजकुमार नगर, नूरानी नगर, ग्रीन वैली, गणगौर घाट, रमा कालोनी, जवाहर टेकरी और आसपास की अन्य बस्तियों सहित सम्पूर्ण बाँक पंचायत में यह टैंकर रोजाना



जल आपूर्ति करेंगे। ख्वाजा चौक ग्रीन पार्क में कार्यक्रम आयोजित कर इन 6 टैंकरों को जल वितरण के लिए रवाना किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में बुजुर्ग से लेकर युवा तक मौजूद रहे। इस दौरान शादाब पटेल, इमाम मोहम्मद युसूफ, सैयद जाफर अली, सरफराज अंसारी, आदिल सईद, शकील खान, इमरान मेमन, डॉ. इमरान खान, अफ़ज़ल, सादिक चन्दनवाला, शरीफ खान, शहजाद बाबा, आसिफ खान, वसीम राजावत, सद्दाम राजावत, इलयास खान, सोहेल पटेल, बुरहान बेटमावाला, नादिर अली, इमरान टापिया, यूसुफ उज्जैनवाला मौजूद थे।

# नीट परीक्षा निरस्त करना छात्रों के साथ विश्वासघात-अंसारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

म.प्र. युवक कांग्रेस के महासचिव सरफराज अंसारी ने बयान जारी कर कहा कि दिल्ली से लेकर भोपाल तक की डबल इंजन की सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। अंसारी ने कहा कि नीट परीक्षा देने वाले छात्रों की क्या गलती थी, जो परीक्षा निरस्त की गई। यह परीक्षा निरस्त कर छात्रों के साथ विश्वासघात किया गया है। युवक कांग्रेस इस मुद्दे पर आन्दोलन करेगी और छात्रों के भविष्य को अंधकारमय नहीं होने देगी। अंसारी ने कहा कि इस पूरे मामले की जांच उच्च स्तरीय करवाना चाहिए। अंसारी ने कहा कि जिस तरह प्रदेश में 'व्यापम' घोटाले ने युवाओं का भविष्य अंधकार में डाला था, वैसी ही स्थिति अब केंद्र और राज्य सरकार मिलकर नीट परीक्षा के माध्यम से बना रही हैं। अंसारी ने आरोप लगाया कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में धांधलिया होना यह साबित करती है कि सरकार और भाजपा के लोग अधिकारियों के साथ मिलकर पैसों के चक्कर में खेला खेला गया और 20 लाख से अधिक छात्रों का भविष्य अंधकारमय किया गया। परीक्षा निरस्त होना सरकारी तंत्र की पूरी विफलता का प्रमाण है। युवक कांग्रेस मांग करती है कि इस पूरे मामले की जांच उच्च स्तरीय है, जो निष्पक्ष हो। पूरे मामले को जल्द से जल्द सार्वजनिक किया जाए और जो भी दोषी है उन पर सख्त कार्रवाई हो। अंसारी ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही कोई ठोस कदम इस परीक्षा को लेकर सरकार ने नहीं उठाया तो युवक कांग्रेस आगामी दिनों में जिला मुख्यालयों और प्रदेश की राजधानी भोपाल में भी चरणबद्ध आन्दोलन करेगी, जरूरत पड़ी तो मेडिकल छात्रों को साथ लेकर उग्र आन्दोलन भी किया जा सकता है।

# कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का कल होगा इस्तकबाल

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। धार रोड स्थित बांक पंचायत के सरपंच और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोहराब पटेल ने बताया कि कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी कल इंदौर आ रहे हैं और उनका कल शनिवार की दोपहर 1 बजे मिड फ्लाइट गार्डन रेस्टोरेंट एंड कैफे में कार्यक्रम आयोजित कर इस्तकबाल किया जाएगा।

# भाजपा नेताओं ने दिया पुरस्कार
## क्रिकेट कप डीजल केयर क्लब ने जीता

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नेहरू स्टेडियम पर आयोजित राजीव गांधी एकता क्लब भीमराव अंबेडकर कप का रात्रि कालीन इनामी स्पर्धा का रोमांचक फाइनल मैच डीजल केयर क्लब ने चंपाबाग क्लब को 29 रनों से हराकर जीता। डीजल केयर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 84 रनों का विजयी लक्ष्य चंपाबाग के सामने रखा। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए चंपाबाग में 5.5 गेंद में 6 विकेट खोकर मात्रा 54 रन ही बना पाई और यह मैच डीजल केयर ने 29 रनों से जीतकर ट्रॉफी पर अपना अधिकार जमाया। विजेता को 31 हजार, उपविजेता को 11 हजार और ट्राफी प्रदान की गई। एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया, टंटू शर्मा, रूबी नय्यर,अनोखी सिलावट उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत विक्की सिलावट, सौरभ वर्मा, अलंकार रायकवार, विनू रायकवार, विजय रायकवार, अनिकेत सिलावट, रणवीर सिलावट, सन्नी शर्मा, मोनू यादव मौजूद थे। भय्यू और रोहित खैर को श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया। सूरज यादव को मैन ऑफ द सीरिज में साइकल भेंट की गई।



# माहेश्वरी समाज चुनाव में आज दाखिल होंगे नामांकन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पूर्वी क्षेत्र माहेश्वरी समाज के निरस्त हुए चुनाव में दोबारा चुनावी प्रक्रिया चालू हुई है। कल दूसरे दिन नामांकन लेने में 71 के कार्यकारी मंडल के लिए 159 फार्म और पदाधिकारियों में 24 फार्म लिए गए हैं। दो पैनल आमने-सामने हैं। अध्यक्ष के लिए डॉ. चन्द्रप्रकाश हेड़ा और राजेश सोमानी उम्मीदवार है। आज नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है।

# अजा विभाग अध्यक्ष की गांधी भवन में शपथ होगी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। अनुसूचित जाति विभाग ने जिला अध्यक्ष पद पर विजय बिलोनिया की नियुक्ति की थी। अब वे पदभार दो दिन बाद 17 मई रविवार को सुबह 10 बजे शपथ के साथ संभालेंगे। अजा विभाग के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को इस शपथ ग्रहण के आमंत्रण के लिए सूचनाएं भेजी जा रही है और सभी को आमंत्रित भी किया जा रहा है।

# धार निर्णय पर 2 हजार पुलिसकर्मी लगे बतौर सुरक्षा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। धार भोजशाला और कमाल मौलाना मस्जिद मामले में आज फैसले की संभावना न्यायालय से बनी हुई है। इसके मद्देनजर धार के बाद इंदौर में भी पुख्ता इंतजाम पुलिस के किए गए हैं। आज शुक्रवार की नमाज भी अदा होना है। इसलिए बतौर सुरक्षा पुलिस ने इंतजाम किए हैं, सैकड़ों पुलिस कर्मियों का आज बल अलग-अलग क्षेत्रों में लगाया गया, राजवाड़ा पर भी पुलिस अलर्ट मोड पर है। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिसबल तैनात किया गया है। पुलिस आज पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। सोशल मीडिया पर भी कोई भड़काऊ पोस्ट ना हो इसके लिए पुलिस अलर्ट है, पुलिस ने कहा कि शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# मेट्रो के उद्घाटन के इंतजार में हो गए 2 महीने

## अधिकारी भी नहीं जानते कि आखिर कब हो सकेगा उद्घाटन

### पेट्रोल डीजल की कीमत बढ़ने के बाद महत्वपूर्ण हो गई है मेट्रो

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**



केंद्र सरकार के द्वारा आज सुबह पेट्रोल डीजल की कीमत बढ़ा दी गई है। ऐसे में अब लोक परिवहन की ओर लोगों का ध्यान ज्यादा जाएगा। इसमें मेट्रो रेल एक बड़ा लोक परिवहन का केंद्र है। इंदौर की मेट्रो रेल का उद्घाटन करने का मामला 2 महीने से अटका हुआ है। अधिकारी भी नहीं जानते हैं कि आखिर कब यह उद्घाटन हो सकेगा।

कल से सोशल मीडिया पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा दिल्ली में मेट्रो में सफर करने के वीडियो वायरल हो रहे हैं। इस वीडियो की सोशल मीडिया पर सभी सराहना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पेट्रोल डीजल बचाने की अपील किए जाने के बाद मुख्यमंत्री ने मेट्रो में सफर करते हुए एक गंभीर संदेश दिया है। इस संदेश के बीच इंदौर में मेट्रो रेल का रेडिसन होटल तक संचालन का मामला अभी भी अटका हुआ है। इस मामले को अटके हुए 2 महीने होने आ गए हैं।

मेट्रो रेल कंपनी के द्वारा अभी सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में ही मेट्रो रेल का संचालन किया जा रहा है। वहां पर आने जाने वाले लोगों का कोई दबाव ही नहीं है। ऐसे में वहां पर मेट्रो रेल का चलना और नहीं चलना एक समान है। इस मेट्रो रेल को सुपर कॉरिडोर से रेडिसन होटल तक चलाने के लिए तैयारी पूरी हो चुकी है। नेताओं के द्वारा रेल के संचालन का उद्घाटन करने का इंतजार किया जा रहा है। इस इंतजार के 2 महीने पूरे होने आ रहे हैं। इस बारे में आज जब मेट्रो रेल कंपनी के अधिकारियों से बातचीत की गई तो उनका कहना है कि अभी तक यह निश्चित नहीं हो पाया है कि आखिर मेट्रो रेल का यह संचालन कब से शुरू होगा।

अब जब सरकार के द्वारा पेट्रोल डीजल के साथ ही सीएनजी गैस की कीमत में भी वृद्धि कर दी गई है तब मेट्रो रेल में सफर करना सबसे ज्यादा सुविधाजना हो गया है। राजनीति के चलते हुए इंदौर के मेट्रो रेल का सफर अभी अटका हुआ है। इस सफर को यदि जल्दी शुरू कर दिया जाता है तो इंदौर के लोगों को पेट्रोल डीजल की बढ़ी हुई कीमत के बीच में एक अच्छी राहत और बड़ी सौगात मिल जाएगी। ध्यान रहे कि राज्य सरकार के द्वारा इंदौर की मेट्रो रेल का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों करवाने की तैयारी की जा रही है। यह भी कोशिश है कि यदि मोदीजी यहां नहीं आ सके तो ऑनलाइन ही वे इस सुविधा का शुभारंभ कर दें।

## सिटी बस की हालत खराब

एक समय इंदौर में लोक परिवहन का सबसे अच्छा और बेहतर साधन सिटी बस को समझा जाता था। उस समय पर बड़ी संख्या में लोग अपने निजी वाहन को छोड़कर सिटी बस में सफर करते थे। सिटी बस कंपनी के द्वारा एयर कंडीशन वाली सिटी बस का भी संचालन किया जा रहा था। इसके चलते हुए संपन्न वर्ग के लोगों को भी सिटी बस में सफर करने में दिक्कत नहीं होती थी। समय गुजरने के साथ-साथ सिटी बस की हालत भी खराब हो गई है। अब तो यह बस खटारा हो गई है। ऐसे में इस बस में सफर करने में वाहन लेकर चलने वालों की रुचि नहीं बची है। ऐसी स्थिति में लोक परिवहन के एक बड़े साधन के रूप में सभी की नजर मेट्रो रेल पर ही टिकी हुई है।



## गर्मी में बिजली की मांग 700 मेगावाट तक पहुंची

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** लगातार गर्मी बढ़ी हुई है इस 43 डिग्री और उमस के बीच बिजली की मांग भी बढ़ी हुई है। कल इंदौर शहर में बिजली की अधिकतम मांग 685 मेगावाट दर्ज की गई, इस दिन कुल 1 करोड़ 53 लाख यूनिट बिजली का वितरण किया गया। बिजली की मांग बुधवार को भी उच्च स्तर की रही। बुधवार को अधिकतम मांग और बढ़कर सात सौ सात मैगावाट दर्ज हुई। खपत करीब डेढ़ करोड यूनिट रही। शहर अधीक्षण यंत्री डीके गाठे ने बताया कि भीषण गर्मी में भी कार्मिक पूरी तन्मयता, समर्पण से सेवाएं दे रहे हैं, तकनीकी दिक्कत आने पर भरी दुपहरी में लोहे के पोल पर चढ़कर सुधार कार्य किया जा रहा है। इधर ग्रिडों पर इनबिल्ड पंखों की मदद से ठंडक पहुंचाई जा रही है, जहां जरूरत है वहां अतिरिक्त पंखों, जंबो व सामान्य कूलर का इंतजाम किया गया है। ग्रिडों के अर्थिंग में बोरिंग एवं टैंकरों से प्राप्त पानी डालकर नमी की पर्याप्तता बनाई जा रही हैं, वहीं ट्रांसफार्मरों के अर्थिंग मे भी पानी डालकर गर्मी में बिजली आपूर्ति सामान्य बनाए रखने की हरसंभव कोशिश की जा रही है।

**तीन दिनों से बढ़ी हुई है गर्मी, उसका भी दिखा खपत पर असर**

## शहर के बाहरी क्षेत्र में बनाई जा रही मास्टर प्लान की सड़कों की हालत देखी

### आयुक्त ने दिए निर्देश, समय सीमा के अंदर हो सड़क का निर्माण पूरा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** शहर के बाहरी क्षेत्र में नगर निगम के द्वारा बनाई जा रही मास्टर प्लान के प्रावधान वाली सड़कों की हालत देखने के लिए आज नगर निगम आयुक्त मौके पर पहुंचे। उन्होंने निर्माणाधीन सड़क के कामकाज को देखा और समय सीमा के अंदर काम को पूरा करने के निर्देश दिए।



निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा सर्वप्रथम इंदौर बाईपास स्थित होटल प्राईड से सिटी फॉरेस्ट तक निर्माणाधीन सड़क कार्य का निरीक्षण किया गया, जिसकी कुल लागत राशि लगभग 29.52 करोड़ रुपए है। इसके पश्चात राशि 22.72 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित हो रही जम जम चौराहा से स्टार चौराहा मार्ग, राशि 8.77 करोड़ रुपए की लागत से रिंग रोड खजराना मंदिर से जम जम चौराहा मार्ग तथा राशि 8.19 करोड़ रुपए की लागत से सांवेर रोड पेट्रोल पंप से शिव शक्ति नगर हनुमान मंदिर तक निर्माणाधीन सड़क कार्यों का स्थल निरीक्षण कर निर्माण गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने संबंधित निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य शहर के यातायात को सुगम बनाने तथा नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, इसलिए कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

सिंघल ने निर्माण स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। निर्माण कार्य के दौरान आमजन एवं वाहन चालकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पर्याप्त बैरिकेडिंग, संकेतक बोर्ड, रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था एवं आवश्यक सुरक्षा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को रोका जा सकें।

## लोन देने वाली संस्था पहली बार अपने प्रोजेक्ट की करेगी मॉनीटरिंग और सर्वे

### निगम के सामने रखी शर्त कॉर्पोरेशन के इंजीनियरों की टीम 24 घंटे प्रोजेक्ट पर रखेगी निगरानी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

### *इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन 1530 करोड़ का लोन इंदौर नगर निगम को देगा*

शहर को पहली बार इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन ने 1530 करोड़ रुपये का लोन स्वीकृत किया है, जिसके तहत इंदौर में नर्मदा के चौथे चरण का 450 एमएलडी अतिरिक्त पानी सितंबर 2029 में मिलेगा। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से इंदौर को कुल 900 एमएलडी प्रतिदिन पानी मिलेगा।

**प्रोजेक्ट का स्वरूप-** यह योजना कुल 2500 करोड़ रुपये की है, जिसमें 40 नई पानी की टंकियों का निर्माण किया जाएगा। साथ ही 600 किलोमीटर जल वितरण के लिए डिस्ट्रीब्यूशन लाइनें डाली जाएंगी। पूरे प्रोजेक्ट पर नगर निगम की टीम तो निगरानी रखेगी, लेकिन पहली बार इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन के इंजीनियर और अधिकारी भी इसकी मॉनीटरिंग करेंगे।

**आईएफसी की प्रमुख शर्तें-** ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि लोन देने वाली संस्था इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन ने निगम के सामने दो शर्तें रखी हैं, जिनमें:

**पहली शर्तः प्रोजेक्ट की सर्वे रिपोर्ट तैयार करना - दूसरी शर्तः** प्रोजेक्ट पूरा होने तक अपने इंजीनियरों द्वारा मॉनीटरिंग करना

**राज्य सरकार की ग्यारंटी नहीं मांगी-** नगर निगम के लेखा विभाग के अनुसार, हुडको, एशियन डेवलटमेंट बैंक, वर्ल्ड बैंक सहित अन्य संस्थाएं नगर निगम को लोन देने से पहले राज्य सरकार की गारंटी या अनुशंसा मांगती हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम ने नगर निगम के समक्ष ऐसी कोई शर्त नहीं रखी। हालांकि, उन्होंने लगभग 2500 करोड़ रुपये के अमृत 2.0 प्रोजेक्ट के लिए यह शर्त रखी है कि प्रोजेक्ट प्राथमिकता के साथ पूरा हो, इसलिए निर्माण के दौरान उनके इंजीनियर सर्वे और मॉनीटरिंग करेंगे।

**प्रोजेक्ट इन पहलुओं पर सर्वे-** वर्तमान में टीम, अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम के निर्देश पर, एक सर्वे आरंभ कर चुकी है। इसके तहत अमृत 2.0 के अंतर्गत नर्मदा के चौथे चरण को इंदौर लाने पर उसके प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है, जिसमें ये विषय शामिल हैं।

- ☐ पर्यावरण
- ☐ ग्रामीण जन-जीवन
- ☐ वन्य जीव-जंतु
- ☐ आर्थिक स्थिति
- ☐ रोजगार
- ☐ कृषि

**जहां फाइनेंस वहां मॉनीटरिंग-** नगर निगम लेखा विभाग के अनुसार फिलहाल सर्वे टीम अपना काम कर रही है। सभी पहलुओं पर सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम ऐसे प्रोजेक्ट के लिए ऋण उपलब्ध करवाता है, जिसका असर बहुत बड़ी आबादी पर होता है और जिससे लोगों के जीवन में बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। इन इंजीनियरों के पास एआई सहित आधुनिक तकनीक का ज्ञान है, जो टेंडर प्रक्रिया से लेकर काम की गुणवत्ता तक की जांच प्रोजेक्ट समाप्त होने तक करेंगे। साथ ही अंतराष्ट्रीय स्तर के सलाहकार सुझाव भी देंगे।

*अमृत 2.0 के तहत नर्मदा के चौथे चरण के लिए काम की गुणवत्ता उच्चस्तरीय रहेगी। आईएफसी की मॉनीटरिंग निगम के लिए फायदेमंद होगी। यह प्रोजेक्ट आने वाले 50 सालों के लिए बनाया जा रहा है, इसलिए विश्व स्तरीय संस्थाएं अपनी सेवाएं इसमें देंगी।*

**– पुष्यमित्र भार्गव, महापौर**

*हमें आधुनिक तकनीक के साथ विश्व स्तर पर कैसे काम हो रहा है और क्या इंदौर के लिए फायदेमंद होगा, इसकी जानकारी होनी चाहिए। आईएफसी की टीम से हमें फाइनेंस और तकनीकी सहयोग मिलेगा।*

**– क्षितिज सिंघल, निगम आयुक्त**

# तुलसी नगर में परेशानी से आक्रोषित रहवासी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**तुलसी नगर कॉलोनी आज अव्यवस्थित विकास, अवैध निर्माणों और मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रही है। वर्ष 2014 में नगर निगम सीमा में शामिल होने के बावजूद कॉलोनी की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे रहवासियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।**

तुलसी नगर के रहवासियों ने कलेक्टर, महापौर, नगर निगम आयुक्त, स्थानीय विधायक तथा प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के माध्यम से ज्ञापन भेजकर कॉलोनी की गंभीर समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। 2000 में अर्बन लैंड सीलिंग एक्ट समाप्त होने के बावजूद तुलसी नगर के अधिकांश भूखंडों को आज तक शासन द्वारा उक्त एक्ट से विधिवत मुक्त नहीं किया है। इसके कारण भवन निर्माण के नक्शे स्वीकृत नहीं हो पा रहे हैं, जबकि दूसरी ओर कॉलोनी में बड़े पैमाने पर अवैध एवं अनियंत्रित निर्माण कार्य धड़ल्ले से जारी हैं। रहवासियों का आरोप है कि 1500 वर्गफीट के प्लॉटों को दो हिस्सों में विभाजित कर बहुमंजिला इमारतें खड़ी की जा रही हैं। कई स्थानों पर सड़क तक अतिक्रमण कर रैंप और छज्जे बना दिए गए हैं, जिससे यातायात बाधित हो रहा है। पार्किंग व्यवस्था के अभाव में कॉलोनी की सड़कें स्थायी पार्किंग स्थल में तब्दील हो चुकी हैं।






## सीलिंग एक्ट समाप्त हो चुका है फिर भी उलझन में कई प्लाट

कॉलोनी की अधिकांश सड़कें अब भी कच्ची हैं, जबकि पुरानी और जर्जर ड्रेनेज लाइन बढ़ती आबादी का दबाव संभालने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। बारिश के दौरान जलभराव और गंदगी की समस्या से रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि रिहायशी क्षेत्रों में बिना अनुमति दुकानों, हॉस्टलों, होटलों और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन खुलेआम किया जा रहा है। इससे कॉलोनी की शांति, सुरक्षा और रहवासियों की जीवन गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

### प्राधिकरण के संचालक मंडल की बैठक आज

# 100 करोड़ के बस स्टैंड को ठेके पर देने का होगा फैसला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर विकास प्राधिकरण के संचालक मंडल की बैठक आज आयोजित की गई है। इस बैठक में अन्य प्रस्ताव के साथ 100 करोड रुपए की लागत से बनाए गए बस स्टैंड को ठेके पर देने के बारे में फैसला लिया जाएगा।

प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं इंदौर संभाग के संभाग आयुक्त सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में प्राधिकरण के संचालक मंडल की बैठक आज प्राधिकरण कार्यालय पर आयोजित की गई है। इस बैठक के लिए जारी की गई कार्य सूची में प्राधिकरण की ओर से किए जाने वाले विकास कार्य से संबंधित कई प्रस्ताव रखे गए हैं। इस बैठक में सबसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव के रूप में ग्राम कुमेडी में प्राधिकरण के द्वारा 100 करोड रुपए की लागत से बनाए गए इंटर स्टेट बस टर्मिनल को संचालन संधारण के लिए ठेके पर देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी जाएगी। प्राधिकरण के द्वारा चार बार टेंडर किए जाने के बाद जाकर इस बस स्टैंड को संचालन के लिए ठेके पर लेने हेतु एक एजेंसी तैयार हुई है। इस एजेंसी के द्वारा दिए गए प्रस्ताव के अनुसार एजेंसी प्रतिवर्ष 4.9 करोड रुपए की राशि प्राधिकरण को देगी। इसके साथ ही प्रतिमाह इस राशि का 10% भी दिया जाएगा।



इस एजेंसी की इन शर्तों को प्राधिकरण के द्वारा मंजूर कर लिया गया है। प्राधिकरण के अधिकारियों के बीच में हुई अनौपचारिक बैठक में इन शर्तों पर इस बस स्टैंड को ठेके पर देने पर सहमति बन गई है। इसके आधार पर आज इस प्रस्ताव को संचालक मंडल की बैठक में रखा गया है। उम्मीद है कि इस बैठक में भी यह प्रस्ताव बिना किसी समस्या के मंजूर कर दिया जाएगा। इस प्रस्ताव के मंजूर होने के साथ ही यह बस स्टैंड संचालन की स्थिति में आ सकेगा।

प्राधिकरण के द्वारा इस बस स्टैंड के साथ ही नायता मुंडला में भी बस स्टैंड का निर्माण किया गया है। इस बस स्टैंड को प्राधिकरण ने सिटी बस कंपनी को संचालन संधारण के लिए सौंप दिया है। अब 100 करोड़ वाला बस स्टैंड भी संचालन की स्थिति में आ जाएगा तो फिर इंदौर से दूसरे शहरों और दूसरे राज्यों में जाने के लिए बस की व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन आ जाएगा।

## प्लाट की दर करेंगे तय

इस बैठक में प्राधिकरण के संचालक मंडल के द्वारा विभिन्न योजनाओं में खाली पड़े प्राधिकरण के भूखंड को आवंटित करने के लिए इन भूखंड की प्रति स्क्वायर मीटर के हिसाब से दर तय की जाएगी। इसके बाद फिर संचालक मंडल की मंजूरी के बगैर ही प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा इन भूखंड को आवंटित करने के लिए टेंडर जारी किए जा सकेंगे। अब प्राधिकरण का फोकस इस बात पर है कि जहां जितनी संपत्ति बची हुई शेष है वहां उसे लीज पर या फ्री होल्ड पर आवंटित करने की पहल की जाना चाहिए।



# वाइन शॉप पर लगाया 90 हजार का स्पॉट फाइन



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नई सब्जी मंडी राजीव गांधी चौराहा के समीप वाइन शॉप पर गंदगी मिली तो झोन 13 के स्वास्थ्य अधिकारी सीएसआई वहां पहुंचे और 90 हजार रु. का स्पॉट फाइन का चालान बनाया गया।

# संचार नगर की जर्जर सड़क बनी मुसीबत

### गिट्टी और कीचड़ से राहगीर हो रहे घायल

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कनाड़िया रोड स्थित संचार नगर क्षेत्र में भगवान परशुराम मंदिर से प्रशांत सागर तक जाने वाली सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। जगह-जगह गहरे गड्ढे, सड़क पर फैली गिट्टी और कीचड़ से रहवासियों व राहगिरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि लंबे समय से सड़क की मरम्मत नहीं होने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सड़क पर फैली गिट्टी दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बन चुकी है। सबसे अधिक दिक्कत महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को हो रही है। लोगों को पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है।



# दुर्घटनाग्रस्त ई-रिक्शा उठाने कोई नहीं आ रहा

### ना मालिक को चिंता, ना निगम को, ना ही पुलिस को

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पिछले महीने से शहर के व्यस्त राजकुमार ब्रिज पर यह ई-रिक्शा दुर्घटना के बाद से खराब हालत में पड़ी हुई है। भले ही यह रिक्शा एकतरफ रखी हुई है, लेकिन सबका ध्यान इस दुर्घटनाग्रस्त ई-रिक्शा पर जाता है। दुर्घटना के बाद संबंधित मालिक और नगर निगम ने भी इसे यहां से हटाना उचित नहीं समझा और ना ही यातायात पुलिस ने यातायात में बाधक बनी इस दुर्घटनाग्रस्त ई-रिक्शा को उठवाने की कोई जुगत की।

## प्रधानमंत्री की सुरक्षा में कटौती ठीक नहीं

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अधिवक्ता डॉ. पंकज वाधवानी ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्रालय को पत्र प्रेषित कर मांग की गई है कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कटौती नहीं होना चाहिए, यह गंभीर चिंता का विषय है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को सुरक्षा की दृष्टि से ही देखना चाहिए। प्रधानमंत्री की सुरक्षा केवल व्यक्तिगत सुरक्षा नहीं बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा का विषय है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा से जुड़ा कोई जोखिम नहीं होना चाहिए, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था प्रधानमंत्री की पूर्ण होना चाहिए।

## वृद्धजनों के लिए लगेगा विशेष शिविर

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** वृद्धजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और उन्हें एक ही स्थान पर विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 25 मई सुबह 11 बजे से कलेक्टर सभाकक्ष में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर जनसुनवाई के दौरान वृद्धजनों से लगातार प्राप्त हो रही समस्याओं के मद्देनजर आयोजित किया जाएगा। शिविर में सभी एसडीएम मौजूद रहेंगे। खासतौर से भरण-पोषण के मामलों का निराकरण होगा। पारिवारिक विवाद भी मध्यस्तता के माध्यम से सुलझाने के प्रयास होंगे। परिवारजनों और बच्चों को भी बुलाय जाए ताकि बुजुर्गों की समस्या हल हो। पेंशन, स्वास्थ्य परीक्षण पर भी सुनवाई होगी।

# राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा के लिए शोभायात्रा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

वैभव नगर सी सेक्टर में श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा के पांच दिवसीय आयोजन के अन्तर्गत शोभायात्रा निकाली गई। मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा भी की गई। अलग-अलग विधि भी की गई। पूर्णाहुति कर भंडारा का आयोजन भी हुआ। पी एल शर्मा, अध्यक्ष अशोक सिंह तोमर, सचिव राजेश जादोलिया, कोषाध्यक्ष जगदीश गुप्ता, उपाध्यक्ष अभय पांडे, नंदकिशोर तलोदिया, प्रेमचंद दुबे, रामकरण मालवीय, रवि कुमार कडेला, बंसीलाल शर्मा, महेश शर्मा, नंदकिशोर कडेला उपस्थित थे।



# हज के मुकद्दस सफर के लिए रवाना

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। हज यात्रियों का परवरदिगार की नगरी में जाने का क्रम जारी है ग्रीनलैंड कालोनी में रहने वाले आदिल गहलोत के हज पर रवाना होने के पूर्व रेलवे स्टेशन पर उनके इस्तकबाल का कार्यक्रम आयोजित किया और बधाई भी दी। बड़ी संख्या में निकट के लोग पहुंचे। मोहम्मद असलम गहलोत, हाजी इलियास पहलवान, इरफान भाई, अब्दुल हमीद सिद्दिकी, शाकीर भाई, रज्जू भाई (रूबी बस), अशफाक कसेरा सहित अन्य मौजूद थे।

# शनि जयंती पर निकलेगी पालकी यात्रा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

गजासीन शनि मंदिर धाम उषानगर में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन 16 एवं 17 मई को आयोजित होंगे। पहले दिन शनिवार को पंच कुंडीय शनि शांति यज्ञ संपन्न होगा, आहुतियां प्रदान की जाएगी, ज़न्म आरती भी होगी, शाम को सुन्दरकांड पाठ भी होगा, प्रत्येक भक्त को सिद्ध रुद्राक्ष, शनि चालीसा, चित्र और शनि प्रसाद पुस्तिका भेंट की जाएगी। महोत्सव के दूसरे दिन, 17 मई को शाम 6 बजे शनि देव पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। धाम में शनि देव का विशेष पुष्प श्रृंगार और 56 भोग के दर्शन होंगे।

# शहनाई की गूंज थमी...एक माह बाद होंगे विवाह

## रविवार से शुरू होगा अधिकमास

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अक्षय तृतीया से कल तक विवाह के मुहूर्त थे। रविवार से अधिकमास शुरू होगा। ऐसे में करीब एक माह के लिए शहनाई की गूंज थम जाएगी। 19 जून से फिर शादियों के मुहूर्त शुरू होंगे। फिलहाल एक माह मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाएगी। ज्योतिषियों के अनुसार 14 मई को विवाह का अंतिम मुहूर्त था।**

ज्योतिष शास्त्र अनुसार प्रत्येक तीन वर्ष बाद अधिकमास आता है। इस बार 17 मई से 15 जून तक ज्येष्ठ अधिकमास होने से विवाह मुहूर्त नहीं होंगे। वहीं 19 जून से फिर विवाह के मुहूर्त शुरू होंगे जो 8 जुलाई तक रहेंगे। उल्लेखनीय है कि 19 एवं 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया मनाई गई थी। अक्षय तृतीया से चार दिन पूर्व ही शादियों के मुहूर्त शुरू हुए थे। करीब एक माह बाद अब शादियों के मुहूर्त थम गए है। अधिकमास में मांगलिक कार्य नही होंगे, ज्यादातर जगह इन दिनों धार्मिक अनुष्ठान ही होंगे।



# शनि मंदिर में तीन दिवसीय महोत्सव शुरू

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। लव कुश आवास विहार, सुखलिया स्थित शनि मंदिर में तीन दिवसीय शनि जयंती महोत्सव शुरू हुआ, पहले दिन भक्तों को सकोरे वितरित किए। चन्द्रकांत कुंजीर चंदू, करण कुंजीर, सुरजीतसिंह वालिया ने बताया कि 1100 श्रद्धालुओं को सकोरे दिए गए और उन्हें संकल्प भी दिलाया कि वे अपनी छतों पर सकोरे रखेंगे और रोजाना पानी भी दोनों समय सकोरों में भरेंगे। आज सुबह भी मंदिर में पूजन, अर्चन पंडितों की मौजूदगी में किया गया। कल शनि जयंती पर तेल अभिषेक, पूजन, अर्चन, महाआरती और फूल बंगला का आयोजन भी होगा।

# जैन सामाजिक संसद की साधारण सभा होगा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद की साधारण सभा 17 मई रविवार को सुबह 10 बजे महावीर बाग में आयोजित होगी। सामाजिक, धार्मिक और संगठनात्मक विषय पर चर्चा होगी। सभी जिनालय के अध्यक्ष- मंत्री को भी आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी राजेश जैन ने दी।



# बाल नाट्य समापन पर तीन नाटकों की प्रस्तुति होगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शारदा रामकृष्ण विद्या मंदिर में 15 दिवसीय हल्ला गुल्ला बोल नाट्य प्रशिक्षण शिविर का समापन कल 16 मई को होगा। कल शाम 4.30 बजे समापन का आयोजन होगा। तीन नाटकों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसका निर्देशन तपन मुखर्जी, वरुण जोशी, रचिता जैन, शिल्पा सिंघल ने किया। साथ ही गीत संगीत, नृत्य और कविता की प्रस्तुतियां होगी। शिविर प्रशिक्षक सीमा व्यास ने बताया कि हल्ला गुल्ला शिविर स्व. कैलाश कोटिया, स्व.आशा कोटिया एवं स्व. सनत कोटिया की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि प्रव्राजिका अमित प्राणा होगी। रंगकर्मी सत्यनारायण व्यास एवं संदीप क्षोत्रिय विशेष अतिथि होंगे।

# रामस्नेही संत रामद्वारा में देंगे प्रवचन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। छत्रीबाग रामद्वारा में रामस्नेही सम्प्रदाय के स्वामी रामदयाल महाराज पुरुषोत्तम मास में ज्ञान की गंगा प्रवाहित करेंगे। 17 मई से 16 जून तक इस अधिक मास में रामस्नेही संत के प्रवचन होंगे। रामद्वारा में रोजाना सुबह 6 से 7 बजे तके रामधुन गूंजेगी और 8 बजे से स्वामी रामचरण महाराज की वाणी का सामूहिक गायन होगा। 8.30 से 9.30 बजे तक संत के प्रवचन होंगे। संध्या आरती, रामधुन और भजन के आयोजन भी किए जाएंगे।

# बालिका छात्रावास में वर्ग का समापन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सेवा भारती इंदौर के जीवन उमंग बालिका छात्रावास में 3 दिवसीय वर्ग का समापन किया गया। अशोक राठी, सुहासिनी कावले ने उद्बोधन भी दिए। कीर्तिश धामारीकर, अनिता रघुवंशी, विनय गर्ग, किरण अग्रवाल, हरिशंकर अग्रवाल मौजूद थे। सहभोज का आयोजन भी हुआ, 39 बालिकाओं ने सहभागिता भी की।



# वाल्मीकि महासभा के अध्यक्ष बने करोसिया

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अ.भा. वाल्मीकि महासभा की साधारण सभा नई दिल्ली में आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचन के लिए तीन लोगों ने नामांकन पत्र लिए थे, जिसके बाद उत्तरप्रदेश और हिमाचल प्रदेश के रहने वाले नरेश और सुरेश ने नाम वापसी की जिसके बाद शहर के चौ. राजेश करोसिया (राजा भैया) को निर्वाचन अधिकारी ने निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया। इसके अलावा प्रताप करोसिया राष्ट्रीय संयोजक, अनिल कुमार मेहना राष्ट्रीय सचिव बने। मनोनीत होने पर समाजजनों सहित राजनेता, जनप्रतिनिधि और इष्टजनों ने बधाई दी।

# सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा को लेकर तैयारियां

## 12 हजार से अधिक परीक्षार्थियों के लिए 27 केन्द्र



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा रविवार 24 मई को 27 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। इस परीक्षा को लेकर संभाग आयुक्त डॉ. सुदामा खाड़े ने बैठक आयोजित कर तैयारियों का जायजा भी किया और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों तक सिर्फ पेन, पेंसिल, एडमिट कार्ड और स्वयं के फोटो ही ला सकेंगे। खाड़े ने कहा कि परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारी और केन्द्र अध्यक्ष आयोग द्वारा निर्देशित आदेशों का पालन करें। अधिकारी सपना लोवंशी, प्रमोद सिंह के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। 24 मई को दो सत्रों में होने वाली इस परीक्षा में 12 हजार 104 परीक्षार्थी शामिल होंगे। पहला सत्र सुबह 9.30 बजे से 11.30 बजे तक, दूसरा सत्र दोपहर 2.30 से शाम 4.30 बजे तक होगा। पीडब्ल्यूडी का भी एक केन्द्र आरक्षित किया गया है। परीक्षा केंद्र में प्रवेश केवल आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किए गए ई-एडमिट कार्ड के आधार पर ही दिया जाएगा। केन्द्रों पर पेयजल, विद्युत व्यवस्था सहित आवश्यक चीजों के मुहैया के निर्देश दिए गए हैं।

# जैन समाजजनों ने चढ़ाए निर्वाण लाडू



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री दिगम्बर जैन लश्करी मन्दिर गौराकुंड पर सोलहवें तीर्थंकर 1008 श्री शांतिनाथ भगवान के जन्म-तप एवं मोक्ष कल्याणक के अवसर पर आज प्रातः अभिषेक-शांतिधारा एवं पूजन के पश्चात निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इस अवसर पर वीरेन्द्र बड़जात्या, धनकुमार अजमेरा, कमल जैन, प्रिंस काला, प्रवीण जैन, कमल लुहाड़िया, सोनू बड़जात्या, राजेन्द्र जैन, सीमा बड़जात्या, सरोज जैन, मनोरमा अजमेरा, सन्ध्या जैन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

# माता मंदिर को कर रहे है बदनाम

## गुरु मां ने लगाई कार्रवाई की गुहार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

धार रोड स्थित बिसनावदा में सिद्ध पीठ माता कालका निकुंभला मंदिर दुर्गेश्वरी धाम से जुडी गुरु मां दुर्गेश्वरी देवी ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा मंदिर को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। माता भक्तों को मंदिर में आने से रोका जा रहा है, गुरु मां ने बताया कि इस मामले में चंदन नगर थाना में भी शिकायत दर्ज कराई है। अधिष्ठाता पीठाधीश्वर ब्रह्मचारिणी गुरु मां दुर्गेश्वरी देवी ने कहा कुछ





असामाजिक तत्व द्वेष भावना से प्रेरित होकर धार्मिक माहौल खराब करने, भक्तों को डराने-धमकाने तथा धाम की प्रतिष्ठा धूमिल करने की साजिश रच रहे है जबकि 15 वर्षों से माता का दरबार लगाया जा रहा है, यह मंदिर आस्था का केन्द्र बन चुका है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है। विगत कुछ सालों से यहां का धार्मिक माहौल जान बूझकर बिगाड़ा जा रहा है, महिलाओं से दुर्व्यव्यवहार की बात भी गुरु मां ने कही, श्रद्धालुओं को भयभीत किया जा रहा है, कुछ समय पूर्व इन्हीं असंतुष्टों ने गाली-गलौज, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दिए जाने की घटना को अंजाम दिया था जिसकी वीडियो रिकार्डिंग भी है। गुरु मां के भाई विशाल सोलंकी की शिकायत पर चंदन नगर थाना में बालाजी धाम कालोनी में कुछ लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत भी की गई थी और प्रकरण भी दर्ज हुआ था। गुरु मां ने कहा कि कार्रवाई के बाद भी आरोपियों के हौंसले अभी भी बुलंद है। असंतुष्ट लोग भक्तों को बरगलाने, विवाद उत्पन्न करने तथा दुर्गेश्वरी धाम की धार्मिक गतिविधियों को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं। पुराना प्रकरण वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इस मामले में जनसुनवाई और थाना में भी शिकायती ज्ञापन दिए जा चुके है। विहिप, बजरंग दल को भी पूरे मामले में अवगत कराया जा चुका है। मंदिर संचालित करने में भय का माहौल बना हुआ है।



# जैन संत का जिनालय में मंगल प्रवेश

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मुनि सूयत्न सागर म.सा. का मुंबई-बोरीवली महानगर से णमोकार तीर्थ होते हुए तीर्थराज सम्मेद शिखर जी की ओर विहार चल रहा है। सतीश जैन ने बताया कि संत का मंगल प्रवेश श्री महावीर जिनालय संगम नगर में हुआ। रास्ते भर समाजजनों ने मुनिश्री का पाद प्रक्षालन किया एवं आरती उतारी। विनय बाकलीवाल, देवेंद्र सोगानी, मनोज जैन, सुबोध कासली वाल, सतीश जैन, पारस जैन, प्रमोद जैन, अमित जैन, राहुल जैन मौजूद थे।

# श्रमजीवी पत्रकार महासंघ में शर्मा जिलाध्यक्ष

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ (नई दिल्ली) की मध्य प्रदेश इकाई द्वारा इंदौर जिले की कार्यकारिणी की घोषणा की गई।



जिले के साथ-साथ तहसीलों के पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की गई। प्रदेश पदाधिकारी उपेन्द्र गौतम, सत्यनारायण वैष्णव, अरविन्द द्विवेदी, राहुलसिंह राणा, रामगोपाल बंसल, जुनेद खान की मौजूदगी में नवनियुक्त टीम ने वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में शपथ ग्रहण कर पदभार संभाला। अध्यक्ष विनोद शर्मा, उपाध्यक्ष अंकित राठौर, यत्नेश सेन, धर्मेन्द्र सोलंकी, पूर्णिमा बिसे, महासचिव प्रवीण जैन, सचिव जितेश पाठक, उदयसिंह चावडा, कमल चौधरी, संयुक्त सचिव विनोद शर्मा, महेश शर्मा, संतोष परमार, करण मेनारिया, संगठन मंत्री शिवा श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष अनिल कौशल एवं कार्यकारिणी में जितेंद्र सोनी,ललित शर्मा,डॉ.भास्कर तिवारी,विजय जोशी, गजेंद्र वैष्णव, दीनदयाल डांगी,कुंदन करडवाल एवं तहसील अध्यक्षों में देपालपुर दीपक जाट, सचिव जितेन्द्र नकुम, सांवेर अध्यक्ष-ओमप्रकाश कटारिया,सचिव- डॉ.अतुल लाड़ना। महू:अध्यक्ष-अमित उपाध्याय, सचिव-आकाश राठौर, हातोद अध्यक्ष धीरेंद्र व्यास को बनाया गया। पदाधिकारियों का सम्मान भी हुआ।



# 170 जैन महिलाओं ने खेले प्रतियोगी गेम

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। दिसम्बर जैन महासमिति पूर्वी संभाग की धार रोड गेट-टू-गेदर मीटिंग में 170 महिलाओं ने पहुंचकर वहां कई प्रतियोगी गैम खेले। वेलकम गेट पर चाय-नाश्ता और एक गैम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ किरण रावका के आतिथ्य में किया गया। मंगलाचरण का आयोजन किया। 10 जैन जोडी ने रैम्प वॉक भी किया। किरण रावका, वीणा सेठी, निर्मला पाटोदी, कांता काला, सुनीता पाटनी,कल्पना जैन, स्मिता गंगवाल,किरण कासलीवाल, शीलू पाटनी, ज्योति सेठी, रजनी, मणि अजमेरा, कौशल्य पतंग्या, स्मिता गंगवाल सहित अन्य जैन समाज की मातृशक्तियां मौजूद थी।

# मार्निंग वॉक ग्रुप की पुनासा डेम यात्रा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। स्कीम नंबर 140 स्थित आनंदवन-2 मॉर्निंग वॉक ग्रुप के सदस्यों ने पुनासा डैम, नर्मदा नगर की आनंददायक यात्रा की। यात्रा के दौरान सभी सदस्यों ने मां नर्मदा में स्नान एवं पूजा का आयोजन किया। तारकेश्वर सिंह, विनोद खंडेलवाल, प्रवीण भागवत, डॉ. आनंद सिंह, आर.के. जैन, के.के. अरोड़ा, संदीप भार्गव, विजय खंडेलवाल, डॉ. सुभाष चंद्र तिवारी, मुकेश, समीर खंडेलवाल मौजूद थे।



# जय गुरुदेव के भक्तों का आगमन शुरू

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जय गुरुदेव महाराज को याद कर भंडारा पर्व और अन्य धार्मिक आयोजन के साथ नशामुक्ति संकल्प का आयोजन कल तेजाजी नगर मिर्जापुर आश्रम में सुबह से आयोजित होगा। इस आयोजन के लिए बाहर से गुरु अनुयायियों का आगमन शुरू हो चुका है। क़ल आश्रम परिसर में बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे। कल सुबह 8 बजे से पूजन, आरती, दोपहर में सत्संग, वचन के अलावा भंडारा का आयोजन भी होगा। चतरसिंह राजावत ने उक्त जानकारी दी।

# सिंधु परिषद के चुनाव में खतुरिया एवं वाधवानी पदाधिकारी





इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सिंधु परिषद् के दो वर्ष के चुनाव निर्विरोध पूर्व अध्यक्ष गुरबक्ष चुघ ने चुनाव अधिकारी डॉ. डी.आर. हरयानी के माध्यम से निर्विरोध चुनाव करवाए। अध्यक्ष-नन्दलाल खतुरिया उपाध्यक्ष-जयपाल नंदवानी, पीताम्बर वाधवानी, सचिव-अशोक कुकरेजा, सहसचिव-निशांत दावानी, कोषाध्यक्ष-पृथ्वी बजाज, डायरेक्टर-वासुदेव मखीजा, गोरधन दास बदलानी, लक्ष्मन बत्रा, अशोक प्रेमचंदनी, जितेंद्र चुघ पदाधिकारी बनाए गए। वहीं अध्यक्ष ने अन्य पदों पर जयप्रकाश नागपाल, मनोहर देव, डॉ. डीआर हरियानी, मनोहर नागपाल का चयन किया। इन्हें भी बधाई दी गई।

# राठौर समाज मेधावी छात्रों का करेगा सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। राठौर समाज के बच्चों के लिए उभरता राठौर समाज मिशन द्वारा मेधावी छात्रों के सम्मान का आयोजन किया जाएगा जिसकी तैयारियां शुरू हो गई है। इस वर्ष 11 लाख रुपए के पुरस्कार भेंट करने का लक्ष्य रखा गया है। स्मारिका का प्रकाशन किया जाएगा।

# पुण्य स्मृति में प्रज्ञा दिवस मनाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

ब्रह्मा कुमार जगदीश की पुण्य स्मृति में प्रज्ञा दिवस ओम शांति भवन में मनाया गया। उदबोधन भी दिए गए। ब्रह्माकुमारी आरती दीदी, जस्टिस बी डी राठी, डॉ. विजय सालवी, विनोद शर्मा, सुरेश गुप्ता, नारायण सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।





# नीदरलैंड की पुस्तक चर्चा पर आनलाइन कार्यक्रम

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शुभ संकल्प समूह द्वारा किस्सागोई स्तंभ के अंतर्गत ऋतुनंदन पांडे शर्मा नीदरलैंड की पुस्तक ट्यूलिपों के देश नीदरलैंड की जादुई लोककथाएं पुस्तक पर विचार विमर्श किया गया। इस पुस्तक में लेखिका ने बाल साहित्य के सृजन क्षेत्र में एक उड़ान ही नहीं भरी बल्कि बाल शोध कर्ताओं के साथ, दीक्षित से लिप्त बच्चों के लिए रामबाण औषधि का कार्य भी किया है। अतिथि डॉ दिविक रमेश थे। डॉ. दुर्गा सिन्हा, डॉ. जीडी अग्रवाल, डॉ. जूही, डॉ. नम्रता उपाध्याय, पूनम विशाल ज्वेल, सोनू, डॉ. सुनीता श्रीवास्तव, सुनील आनलाइन मौजूद थे।

# बिहाड़िया और सनावदिया गांवों को जोड़ने के लिए होगी 2 किमी लंबी नई सड़क तैयार

## पीडब्ल्यूडी दो करोड़ अडसठ लाख रुपए से ज्यादा खर्चकर बनाएगा सीमेंटेड सड़क





इंदौर। पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) द्वारा राऊ विधानसभा के अन्तर्गत बिहाड़िया से लेकर सनावदिया ग्राम पंचायत तक बारिश से पहले नई सीमेंटेड सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। खास बात यह है कि राऊ विधानसभा क्षेत्र में सालों पुराने दो गांवों को आपस में जोड़ने के लिए (पीडब्ल्यूडी )लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 2 करोड़ 68 लाख 53000 हजार रुपए के आसपास खर्चकर पहले से दुगनी चौड़ी और लंबी नई सीमेंटेड सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसको लेकर वर्तमान में निविदा संबंधित तमाम विभागीय तैयारी और प्रक्रिया पीडब्ल्यूडी अफसरों द्वारा शुरू कर दी गई है। यही नहीं कहा जा रहा है कि अगले माह में मानसून सीजन शुरू होने से पहले जल्द सड़क निर्माण का कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा शुरू कर दिया जाएगा ताकि दोनों गांव से जुड़े हजारों लोगों को भविष्य में इसका सीधा फायदा मिले।

### अभी बारिश के दौरान ग्रामीणों को होती है भारी परेशानी

गौरतलब है कि अभी बारिश के दौरान राऊ विधानसभा क्षेत्र की दोनों ग्राम पंचायत बिहाड़िया और सनावदिया के हजारों रहवासी परिवारों के साथ यहां से रात-दिन गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों को भी सालों पुरानी ऊबड़-खाबड़ आधी-अधुरी सड़क के कारण आए दिन परेशानी होती है। कई बार बारिश के दौरान सड़क पर गड्ढों के कारण जगह - जगह पानी जमा पड़ा रहता है। वहीं अब आने वाले दिनों में पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य बारिश शुरू होने से पहले शुरू कर दिया जाएगा। जिससे अगले साल क्षेत्र के लोगों को सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद बड़ी राहत मिलने वाली है। इसको लेकर पीडब्ल्यूडी ने अपनी ओर से सड़क निर्माण को लेकर तैयारी भी शुरू कर दी है।



# पी.एम. मित्र पार्क परियोजना के कार्यों की समीक्षा

**धार ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** धार जिले के भैंसोला में विकसित हो रहे पीएम मित्र पार्क परियोजना की प्रगति की समीक्षा के लिए वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव द्वारा परियोजना स्थल का भ्रमण किया गया। इस दौरान धार कलेक्टर राजीव रंजन, एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक हिमांशु प्रजापति, एमपीआईडीसी के मुख्य अभियंता, नेशनल इंडस्ट्री कॉरिडोर, जिला प्रशासन एवं एमपीआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारी, निर्माण एजेंसी एवं प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव ने किया भ्रमण**

पार्क की सीमा तक सड़क, पानी एवं बिजली उपलब्ध कराने में राज्य शासन ने 88 करोड रु. इस योजना के अलग-अलग मद में खर्च किए है। पार्क की आंतरिक अधोसंरचना एवं मोबिलाइजेशन कार्यों पर लगभग 76 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, जिसमें मुख्य रूप से आवंटित भूखंडों का समतलीकरण, 10 किलोमीटर से अधिक सड़क निर्माण, वॉटर ट्रीटमेंट एवं सप्लाई सिस्टम, इलेक्ट्रिकल वर्क एवं सब स्टेशन आदि निर्माण शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पार्क की सभी मूलभूत अधोसंरचनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य जून 2027 निर्धारित किया गया है तथा इसके लिए सभी विकास कार्य समानांतर रूप से किए जा रहे हैं। निरीक्षण में नीलम शर्मा ने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# देवगुराडिया रोड से कनाडिया तक बड़े हिस्से में हो रहा सर्विस रोड निर्माण

इंदौर। बायपास पर देवगुराडिया रोड से लेकर कनाडिया रोड तक बड़े हिस्से में निगम द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से नई सर्विस रोड़ निर्माण का का कार्य इन दिनों दिन - रात तेजी के साथ पूरा करवाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सड़क प्रोजेक्ट से जुड़ी ठेकेदार फर्म बीआर गोयल कंपनी द्वारा सर्विस रोड निर्माण और चौड़ीकरण योजना के तहत आधी से ज्यादा तैयार

### पिछले साल से चल रहा बायपास पर सर्विस रोड़ बनाने का काम

सर्विस रोड़ पर एक और लंबी चौड़ी पट्टी तैयार की जा रही है। जिससे बायपास की सर्विस रोड इंदौर के राऊ गोल चौराहे से लेकर देवास नाका होते हुए मांगलिया तक एक जैसी चौड़ी हो जाए। ताकि आने वाले दिनों में मानसून सीजन शुरू होने के बाद लोगों को अधूरी सड़क



निर्माण कार्य से परेशानी ना आए।

गौरतलब है कि निगम द्वारा इंदौर शहरी क्षेत्र में बायपास पर पिछले साल से ठेकेदार कंपनी को राऊ सर्कल से लेकर देवास नाका तक के बड़े हिस्से तक दोनों तरफ सर्विस निर्माण कार्य करने का ठेका दिया गया है। जिसके अंतर्गत अब तक आधे से ज्यादा हिस्से में सर्विस रोड बनकर तैयार भी हो गई है। वहीं अब बचे हुए शेष हिस्से में भी ठेकेदार कंपनी द्वारा वर्तमान में सर्विस रोड निर्माण का कार्य दिन-रात तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। इन हिस्सों में आने वाली छोटी बड़ी पुलिया बनाने का काम भी साथ-साथ किया जा रहा है। जिसके कारण सर्विस रोड निर्माण कार्य में थोड़ी देरी हो रही है। वहीं वर्तमान में बायपास पर बड़े हिस्से में सर्विस रोड निर्माण के साथ चौड़ीकरण का काम किया जा रहा है। साथ ही इलेक्ट्रिसिटी के काम के लिए हाथों हाथ यहां बिजली के नए पोल लगाने का काम भी विद्युत विभाग द्वारा किया जा रहा है। जहां सड़क तैयार होती जा रही है विद्युत विभाग द्वारा हाथों-हाथ वहां बिजली के नए पोल लगाने का काम भी किया जा रहा है।

# गर्मी में क्षेत्र के लोग अब अपने घरों के पास देर शाम तक भी बैठ सकेंगे बगीचों में

इंदौर। विधानसभा दो के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 23 और 24 से जुड़े क्षेत्र के आधा दर्जन से ज्यादा गार्डन और बगीचों में लंबे समय से बंद पड़ी लाइटिंग की बजाय निगम क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर आने वाले दिनों में बेहद जल्द यहां अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था के तहत डिजाइनर पोल वाली नई आकर्षक तेज रोशनी वाली लाइटिंग लगवाएगा। जिसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा की एक और क्षेत्र की विभिन्न कालोनियों के बच्चों के साथ बड़े भी अब देर रात तक अपने घरों के सामने और आसपास के नजदीकी बगीचों में देर रात तक बैठकर गर्मी के मौसम का लुत्फ उठा सकेंगे। देर रात तक बच्चे भी बगीचों में नई लाइटिंग के उजाले में खेल सकेंगे अपनी पसंद के खेल यही नहीं बगीचों में नई लाइटिंग लगने के बाद अब क्षेत्र के बच्चे भी अपने मनोरंजन के लिए यहां देर रात तक आकर्षक नई लाइटिंग की जगमगाहट में आराम से खेल सकेंगे।

### वार्ड 23 और 24 के आधा दर्जन बगीचों में लंबे समय से बंद लाइटिंग चालू करवाएगा निगम



# भोजशाला को लेकर उच्च न्यायालय आज सुनाएगा फैसला

**धार में प्रशासन अलर्ट मोड़ पर...**

**धार ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर )।** विगत कई वर्षो से चले आ रहा धार स्थिति भोजशाला मामला का आख़िरकार आज पटापेक्ष हो जाएगा, भोजशाला मंदिर है या मस्जिद इसका फैसला आज तय हो जाएगा, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 6 अप्रैल से इस मामले में नियमित 23 दिन तक सुनवाई हुई। अब इसमें आज शुक्रवार 15 मई को फैसला होगा। धार भोजशाला पर मंगलवार 12 मई को सुनवाई पूरी हो गई है। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी ने पूरी सुनवाई की है। आज शुक्रवार 15 मई को लंबा विस्तृत आदेश आने की संभावना है। इंदौर हाईकोर्ट ने अपनी वेबसाइट पर जजमेंट डिलीवर होने की सूचना जारी कर दी है। इस संभावित निर्णय को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है। पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है, और प्रशासनिक अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। इसी बीच देर रात धार कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने जिले के नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की है,कलेक्टर ने कहा कि भोजशाला मामला संवेदनशील है, इसलिए सभी नागरिक जिम्मेदारी से व्यवहार करें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करें। कलेक्टर मीना ने विशेष रूप से सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक, भड़काऊ या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट साझा न करें। प्रशासन सोशल मीडिया की हर गतिविधि पर नजर रख रहा है और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिलेभर के लोगों की निगाहें आज आने वाले इस महत्वपूर्ण फैसले पर टिकी हुई हैं।



## संपादकीय

# तीन साल बाद भी क्यों नहीं थम रहा मैतेई-कुकी संघर्ष हिंसा की आग में फिर मणिपुर

हाल ही में उग्रवादियों ने एक बार फिर हमला कर तीन लोगों की हत्या कर दी। कांगपोकपी जिले में अंधाधुंध गोलीबारी में चार नागरिक भी घायल हो गए। मणिपुर तीन साल से हिंसा की आग में झुलस रहा है। मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। करीब ढाई सौ से ज्यादा लोग हिंसा में जान गंवा चुके हैं। हजारों लोगों के विस्थापन से राज्य का सामाजिक ताना-बाना टूट-सा गया है। राज्य में केंद्रीय सुरक्षा बलों की मौजूदगी के बावजूद आखिर क्या वजह है कि उग्रवादी गतिविधियों पर अंकुश नहीं लग सका है। बीते बुधवार को उग्रवादियों ने एक बार फिर हमला कर तीन लोगों की हत्या कर दी। कांगपोकपी जिले में अंधाधुंध गोलीबारी में चार नागरिक भी घायल हो गए। इस घटना से नाराज नागरिकों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-2 को बंद कर दिया। गौरतलब है कि यह मार्ग मणिपुर को न केवल नगालैंड से, बल्कि देश के अन्य हिस्सों से भी जोड़ता है। इस समय राज्य में कानून-व्यवस्था की जो स्थिति बनी हुई है, वह बेहद चिंताजनक है। एक बार फिर हुई हिंसा से साबित होता है कि सुरक्षा एजेंसियां सशस्त्र समूहों को नियंत्रित कर पाने में विफल रही हैं। राजनीतिक हस्तक्षेप का भी कोई असर नहीं दिखता। समझौते भी औपचारिक बनकर रह गए हैं। दरअसल, मणिपुर में शांति बहाली का कोई भी प्रयास इसलिए भी नाकाम हो जाता है, क्योंकि परस्पर विरोधी समूहों को कायदे से अब तक संवाद की मेज पर नहीं लाया जा सका है और न ही शायद इसकी जरूरत महसूस की गई। यही वजह है कि अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे सशस्त्र समूहों में एक-दूसरे के प्रति संदेह और अविश्वास खत्म नहीं हो रहा। यह निराशाजनक ही है कि जब भी राज्य में थोड़ी-बहुत स्थिति सुधरती दिखाई देती है, कोई न कोई उग्रवादी हमला राज्य को हिंसा की आग में झोंक देता है। सरकार अगर अलग-अलग समुदायों के प्रतिनिधियों को संवाद के लिए राजी करती, तो शायद उनके बीच भरोसा कायम होता। मगर केंद्र से लेकर राज्य सरकारों के भीतर इस मसले पर कोई संजीदगी नहीं दिखती। आज राज्य में शांति प्रबंधन की नहीं, बल्कि उसे स्थापित करने के लिए सक्रिय होने की जरूरत है। इसके लिए राज्य सरकार और केंद्रीय सुरक्षा बलों को मिलकर काम करना होगा, अन्यथा मणिपुर में लगातार जारी हिंसा के घातक नतीजे सामने आ सकते हैं।

# फ्रिज में धमाके के बाद फ्लैट में लगी आग

**इन्दौर।** बिचौली मर्दाना क्षेत्र में एक रिहायशी इमारत की छठी मंजिल पर स्थित फ्लैट में आग लगने से हड़कंप मच गया। यह फ्लैट नोबल अस्पताल में कार्यरत नर्स बिंदु का बताया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग लगने का मुख्य कारण फ्रिज में हुआ जोरदार विस्फोट था, जिसके बाद लपटों ने तेजी से पूरे फ्लैट को अपनी चपेट में ले लिया।

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुँची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे के समय कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन फ्लैट में रखा काफी सामान जलकर खाक हो गया है। दमकल विभाग अब शॉर्ट सर्किट या गैस रिसाव जैसे अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रहा है ताकि विस्फोट की सटीक वजह सामने आ सके।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 157400 | 159250 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 262000 | 276635 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा धुंधरू

# घर के बाहर से लापता हुए 3 साल के मासूम को 2 घंटे में खोजा

**इन्दौर।** रावजी बाजार थाना क्षेत्र में पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए एक बड़ी अनहोनी को टाल दिया। घर के बाहर खेलते समय अचानक लापता हुए एक तीन वर्षीय बालक को पुलिस टीम ने महज दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित तलाश कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अपने लाडले को सही-सलामत वापस पाकर परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए।



घटना रावजी बाजार थाना इलाके के कलालकुई मस्जिद क्षेत्र की है। तीन साल का बालक अपने घर के बाहर खेल रहा था, तभी वह अचानक कहीं गायब हो गया। काफी देर तक जब बच्चा नजर नहीं आया, तो परिजनों ने आसपास के इलाके और गलियों में उसे खोजा, लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं मिला। अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों ने तुरंत रावजी बाजार थाने पहुँचकर पुलिस को इसकी सूचना दी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। थाने की तीन अलग-अलग टीमें गठित की गईं, जिन्होंने इलाके की घेराबंदी शुरू की। पुलिस ने बच्चे के हुलिए के आधार पर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और स्थानीय लोगों से पूछताछ की। साथ ही, बालक की तस्वीर को सोशल मीडिया ग्रुप्स और पुलिस के नेटवर्क पर वायरल किया गया ताकि जल्द से जल्द कोई इनपुट मिल सके। सघन तलाशी अभियान के करीब दो घंटे बाद पुलिस टीम को सफलता मिली। बालक अपने घर से कुछ दूरी पर जबरन कॉलोनी रोड इलाके में सकुशल घूमता हुआ मिल गया। पुलिस ने उसे अपनी सुरक्षा में लिया और आवश्यक दस्तावेजी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस की इस कार्यप्रणाली की क्षेत्रवासियों ने काफी सराहना की है।

# कार लहराने से मना किया तो युवक को पीटा

**इन्दौर।** उज्जैन रोड पर वाहन चलाने के दौरान उपजे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। धरमपुरी स्थित साई विहार कॉलोनी के सामने दो अज्ञात कार सवारों ने एक अन्य कार चालक के साथ अभद्रता और मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर हुलिए के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी राहुल पिता ओमप्रकाश अग्रवाल निवासी तनक स्मार्ट सिटी, अरबिंदो अस्पताल के पास अपनी कार से उज्जैन रोड से गुजर रहे थे। धरमपुरी में साई विहार कॉलोनी के सामने एक अन्य वाहन सवार दो अज्ञात व्यक्ति राहुल की कार के आगे लापरवाही से गाड़ी लहराकर चला रहे थे। जब राहुल ने उन्हें टोका और गाड़ी सही तरीके से चलाने को कहा, तो आरोपी भड़क गए।आरोपियों ने राहुल की कार के सामने अपनी गाड़ी अड़ाकर उसे रुकवा लिया। इसके बाद दोनों आरोपी नीचे उतरे और राहुल के साथ गालियां देते हुए झूमाझटकी शुरू कर दी। आरोपियों ने राहुल के साथ मारपीट की और जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद आरोपी तेजी से अपनी गाड़ी लेकर मौके से भाग निकले।सांवेर पुलिस ने राहुल अग्रवाल की रिपोर्ट पर अज्ञात दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# रास्ते के विवाद में 20 लाख की अड़ीबाजी

**इन्दौर।** खुड़ैल थाना क्षेत्र में दबंगई और अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आया है। जहां जमीन के रास्ते को लेकर उपजे विवाद में आरोपियों ने फरियादी को धमकाते हुए लाखों रुपये की मांग कर डाली। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर महिला सहित चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

**बाउंड्री वॉल के 50 खंभे तोड़े, एक ही परिवार के 4 लोगों पर केस दर्ज**

पुलिस के अनुसार, फरियादी अमन पिता रमेश जैन निवासी केसरबाग रोड, सुंदर विहार कॉलोनी की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की है। अमन ने पुलिस को बताया कि जामनिया खुर्द स्थित उनकी जमीन के रास्ते की बात को लेकर आरोपी सोनू उर्फ सुनील, उसकी पत्नी नेहा, सास शोभा और प्रद्युमन सभी निवासी ग्राम उमरिया खुर्द ने उन्हें रोक लिया और विवाद शुरू कर दिया।आरोपियों ने अमन के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मां-बहन की गंदी गालियां दीं। विवाद के दौरान आरोपियों ने फरियादी के सामने 20 लाख रुपये देने की अवैध शर्त रखी। इतना ही नहीं, आरोपियों ने अमन की जमीन पर खड़ी बाउंड्री वॉल को निशाना बनाया और वहां लगे करीब 50 खंभे तोड़कर भारी नुकसान पहुँचाया। आरोपियों का दुस्साहस यहीं नहीं रुका, उन्होंने अमन को सरेआम जान से मारने की धमकी भी दी।

# शादी में जाने के विवाद पर हमला महिलाओं सहित 9 घायल

**मामा के साथ जाने से मना करने पर भड़के आरोपी, घर में घुसकर बरसाई कांच की अंटियां, कार और खिड़कियों के कांच फोड़े**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

बेटमा थाना क्षेत्र के ग्राम रावद में आपसी रंजिश और पारिवारिक विवाद के चलते बीती रात जमकर आतंक मचा। आरोपियों ने न केवल हथियारों से हमला किया, बल्कि गिलोल से कांच की अंटियां चलाकर महिलाओं को भी निशाना बनाया। पुलिस ने इस मामले में सात नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार घटना की शुरुआत रात करीब 9 बजे हुई। फरियादी सुधीर सिंह पिता छिड़वाद राठौर ने बताया कि उसके मामा इकबाल उसकी मां को शादी में बुलाने आए थे। जब माँ ने जाने से मना किया, तो मामा जबरदस्ती उन्हें साथ ले गए। कुछ देर बाद जब माँ वापस घर लौटीं, तो उनके पीछे-पीछे हथियारों से लैस हमलावरों का जत्था पहुँच गया।आरोपी सिंकदर, जगराम, महेंद्र, गुरुसिंह, बेजू सोलंकी, रानू और भय्यू सभी निवासी ग्राम रावद तलवार, फालिया, लाठी-डंडे और लोहे के दांत वाला चकरा लेकर सुधीर के घर पहुँचे। आरोपियों ने गालियां देते हुए हमला कर दिया। हमले में सुधीर के भाई सुनेर के सिर, हाथ और पैर पर तलवार से गहरे वार किए गए। बीच-बचाव करने आए सुधीर, उनके पिता छिदवाड़सिंह और अन्य परिजन भी गंभीर रूप से घायल हो गए।विवाद बढ़ता देख जब पड़ोसी आरिफ बचाने पहुँचा, तो आरोपियों ने उस पर लोहे के दांत वाले चकरे से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर, हाथ और पैर में चोटें आईं। हमलावरों ने गिलोल का इस्तेमाल कर कांच की अंटियां फेंकी, जिससे सुजाता, सुमित्रा, अभिलाषा और दिन्या घायल हो गईं। जाते-जाते आरोपियों ने मामा की कार पर पथराव किया और घर की खिड़कियों के कांच तोड़ दिए। इस हमले में छिदवाड़सिंह, सुनेर, अभिलाषा, सुमित्रा, दिन्या, चिंटू राठौर, सुजातासिंह, आरिफ और रुपासिंह घायल हुए हैं, जिनका उपचार अस्पताल में जारी है।

बेटमा पुलिस ने सुधीर सिंह की रिपोर्ट पर सभी सात आरोपियों के खिलाफ बलवा, जानलेवा हमला, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# यात्री बसों की जांच, 13 पर कार्रवाई

## 11 बसें जब्त एवं 2 बसों के फिटनेस निरस्त किए गए

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



जिला प्रशासन एवं आरटीओ विभाग द्वारा तीन इमली चौराहा एवं राजकुमार ब्रिज के नीचे संयुक्त रूप से यात्री बसों की जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया वसूली, अवैध पार्किंग, इमरजेंसी एग्जिट, फायर सेफ्टी सिस्टम, आपातकालीन निकास व्यवस्था, पैनिक बटन, प्रेशर हॉर्न, जीपीएस, स्पीड गवर्नर तथा निर्धारित बैठक क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने जैसे बिंदुओं की सूक्ष्मता से जांच की गई। साथ ही बसों के पंजीयन प्रमाण पत्र, बीमा, फिटनेस, परमिट एवं पीयूसी दस्तावेजों का भी परीक्षण किया गया। जांच में कई बसों में फायर सेफ्टी उपकरण खराब अथवा मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। कुछ बसों के इमरजेंसी एग्जिट बंद मिले तथा मेडिकल किट भी उपलब्ध नहीं थी। कई बसें अवैध पार्किंग में खड़ी पाई गईं। सघन कार्रवाई के दौरान बताया गया कि नियमों के उल्लंघन एवं परमिट शर्तों का पालन नहीं करने पर कुल 13 यात्री बसों पर कार्रवाई की गई, जिनमें से 11 बसें जब्त की गईं तथा 2 बसों के फिटनेस प्रमाण पत्र निरस्त किए गए। इसके अतिरिक्त 8 बसों से 80 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। जबकि शेष 3 बसों से लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना वसूला जाना प्रस्तावित है। एसडीएम ओमनारायण सिंह बड़कुल एवं आरटीओ प्रदीप शर्मा, अधिकारी राजेश गुप्ता, आकाश सितोले की भूमिका प्रमुख रही।

## गौरव भाट को रासुका में निरुद्ध किया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी शिवम वर्मा ने आपराधिक गतिविधियों में संलग्न रहने पर मोती तबेला निवासी अपराधी गौरव पिता बाबू भाट को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत निरुद्ध करने के आदेश जारी किए हैं। प्रशासन से मिली जानकारी की मुताबिक गौरव भाट पर पूर्व में धारा 110 के अन्तर्गत और जिलाबदर जैसी प्रतिबंधात्मक कार्रवाइयाँ भी की गई थीं, किंतु उसके व्यवहार में सुधार नहीं आया तथा वह लगातार अपराध करता रहा। उसी के बाद प्रशासन ने रासुका का कार्रवाई की।

## आज से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य 25 मई तक दावे-आपत्तियां आमंत्रित

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों के लिये फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार 15 से 25 मई तक निर्धारित केन्द्रों पर मतदाता सूची संबंधी दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। संयुक्त कलेक्टर एवं सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया है कि जिले के नगरीय निकायों एवं पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित नागरिक निर्धारित अवधि में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन अथवा विलोपन संबंधी दावे-आपत्तियां प्रस्तुत किए जा सकते हैं। आयोग के निर्देशानुसार सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं।

## सहायक कुल सचिव परीक्षा रविवार को होगी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक कुल सचिव परीक्षा 2025 आगामी 17 मई को ऑफलाइन पद्धति से रविवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक प्रदेश के चार संभागीय मुख्यालय के परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा त्रिस्तरीय नवीन प्रक्रिया के तहत आयोजित की जाएगी। जिसमें बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्कैनिंग, एचएचएमडी शामिल है। परीक्षार्थियों की एचएचएमडी के माध्यम से जांच फ्रिस्किंग की जाएगी, जिसमें पुरुष परीक्षार्थियों की जांच पुरुष वीक्षकों द्वारा महिला परीक्षार्थियों की जांच महिला वीक्षकों द्वारा की जाएगी। ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों के पास विकल्प होगा कि वह अपने फ्रिस्किंग महिला अथवा पुरुष कर्मचारियों से करा सकेंगे। इस जांच प्रक्रिया का पालन सभी परीक्षार्थियों को करना होगा। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर परीक्षा समय के 90 मिनट पूर्व पहुंचना होगा।

## जोरदार शुरुआत के बाद पंजाब किंग्स की टीम फिसली

**धर्मशाला।** श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स को गुरुवार की रात आईपीएल 2026 में लगातार पांचवीं हार का सामना करना पड़ा। पहले 7 में से 6 मैच जीतकर विजयरथ पर सवार पंजाब की टीम को अचानक पता नहीं क्या हुआ कि उनकी गाड़ी जीत के ट्रैक से उतर गई है। 7 में से 6 मैच जीतने के बाद ऐसा लग रहा था कि पंजाब प्लेऑफ में कदम रखने वाली पहली टीम होगी। मगर वो कहते हैं ना क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है, यहां कभी मर्जी कुछ मर्जी हो सकता है। एक समय जहां कहा जा रहा था कि पंजाब की टीम प्लेऑफ के लिए सबसे पहले क्वालीफाई कर सकती है, वहीं अब उन पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है।

# एशियन स्लालम चैंपियनशिप में इंदौर के प्रदुमन का चयन

**इंदौर।** चीन के ग्वांग में आयोजित होने जा रही प्रतिष्ठित एशियन स्लालम चैंपियनशिप में भारतीय दल की ओर से इंदौर के होनहार एवं प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी प्रदुमन सिंह राठौड़ सहभागिता कर रहे हैं। यह उपलब्धि न केवल इंदौर शहर बल्कि पूरे मध्यप्रदेश एवं देश के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान का विषय है।



प्रदुमन सिंह राठौड़ ने अपनी निरंतर मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल कौशल के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। इससे पूर्व भी उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए थाईलैंड में आयोजित एशियन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया था। उस प्रतियोगिता में उन्होंने कड़े मुकाबलों के बीच अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए फाइनल तक क्वालीफाई किया, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का ही परिणाम है कि भारत को आगामी वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेने की पात्रता सूची में स्थान प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि दर्शाती है कि प्रदुमन जैसे युवा खिलाड़ी देश के खेल भविष्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रदुमन सिंह राठौड़ की इस सफलता पर एशियन केनो फेडरेशन के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाह, क्षेत्रीय विधायक मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़, वरिष्ठ खेल व्यक्तित्व बलबीर सिंह कुशवाह, एकलव्य सिंह गौड़, लोकेंद्र सिंह राठौड़, कुलदीप कीर, सागर टोंडे, गौरव द्विवेदी, मोहित इमोलिया, मयंक ठाकुर, मनीष इमोलिया सहित अनेक खेल प्रेमियों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## बालाजी मंदिर में आज भंडारा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बडे बालाजी मंदिर नवलखा पर आज वीर बालाजी महाराज का विशेष श्रृंगार होगा। शाम को महाआरती के बाद महाप्रसादी का आयोजन भी किया जाएगा। महंत महेशानन्द ने बताया कि आज बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसादी के लिए मौजूद रहेंगे।

## ओपन इनामी ब्लिट्ज शतरंज स्पर्धा प्रारंभ

**इंदौर।** ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन द्वारा अयोजित संजय कासलीवाल मेमोरियल ओपन ईनामी ब्लिट्ज शतरंज स्पर्धा का विधिवत उद्घाटन डॉ. राजीव चौधरी व शतरंज खेल प्रेमी विकास जैन ने शतरंज की चाल चलकर किया। इस अवसर पर डॉ. अनुपमा जैन, अनिल फतेहचंदानी भी उपस्थित थे । अतिथियों का स्वागत अभिषेक गुप्ता, राजेंद्र चिमनानी और गोपाल कृष्ण मालवीय ने किया । कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र पाबले व आभार पीयूष जमींदार ने किया । स्पर्धा महावीर बाल संस्कार केन्द्र द्वारा संचालित संजय अजीत कासलीवाल



मेमोरियल चेस एकेडमी 52 कंचनबाग पर दो वर्गों में अंडर 10 व अंडर 15 वर्ग में खेली जा रही है । इस स्पर्धा में 21 अंतरराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी खेल रहे हैं । स्पर्धा स्पर्धा का सफल संचालन फिडे आर्बिटर प्रिंस लोबो, दिनेश गुप्ता, रजत यादव, श्रद्धा पोरवाल व वैभव तोमर टीम द्वारा किया जा रहा है। स्पर्धा के दो चक्र के बाद के परिणाम इस प्रकार है- : अंडर 10 में अयाचित सिद्धेश, आराध्य अग्रवाल, सात्विक जैन, विराज बरोड़, नायशा जैन, सौरेश बत्रा, कालिंदी कुकरेजा ये सभी 2 में से 2 अंक के साथ प्रथम स्थान पर चल रहे है। अंडर 15 में आरव माहेश्वरी, समर्थ रेड्डी, प्रयाण चोपड़ा, कियान पोरवाल, आसव रेंगे ने 2 में से 2 अंक लेकर प्रथम चल रहे है।

# वेस्ट जोन को साफ्टबॉल टीमों को बड़ी सफलता

## महिला वर्ग में जीता स्वर्ण पदक, पुरुष वर्ग में कांस्य पदक

**इंदौर।** विशाखापत्तनम में 9 से 11 मई तक हुई सीनियर इंटर जोन राष्ट्रीय साफ्टबॉल चैंपियनशिप में वेस्ट जोन की महिला व पुरुष टीमों ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए भारी सफलता अर्जीत की। वेस्ट जोन में म.प्र. के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। महिला वर्ग के वेस्ट जोन ने पहले मुकाबले में नार्थ जोन को 2-0 से, दूसरे मुकाबले में साउथ जोन को 3-0 से, तीसरे मुकाबले में ईस्ट जोन को 4-0 से तथा फाइनल मुकाबले में वेस्ट जोन ने नार्थ जोन को 4-2 से हराकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। विजेता टीम की तनिष्का गौड़ को बेस्ट खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया, वहीं टीम में म.प्र. की देवास में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग में पदस्थ पूजा पारखे का भी खेल सराहनीय रहा। टीम की कोच विक्रम अवार्डी सुश्री सविता पारखे थी। पुरुष वर्ग में वेस्ट जोन की टीम ने उम्दा खेल दिखाया, लेकिन टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पहले मुकाबले में वेस्ट जोन को नार्थ जोन से 1-4 से हार मिली। दूसरे मुकाबले में वेस्ट जोन ने साउथ जोन को 4-0 से हराया। तीसरे मुकाबले में वेस्ट जोन ने ईस्ट जोन को 2-1 से हराया। कांस्य पदक के मुकाबले में वेस्ट जोन को हार मिली। नार्थ जोन ने कड़े मुकाबले में वेस्ट जोन को 1-0 से हराया। पुरुष वर्ग में सोहेल खान को श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। टीम को म.प्र. मध्यप्रदेश सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, प्रवीण अनावकर, राजकुमार सहगल, विनोद रुणवाल, प्रदीप नारुलकर, समीर गुप्ते, चंद्रकांत सांगोले, राकेश मिश्रा, विक्रांत आखरे, रितिक पाठक, प्रवीण दवे, सुबोध चौरसिया ने टीम को शुभकामनाएं दी।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम **मीना** था जो अब परिवर्तित कर **मीना मेंडके** हो गया है, भविष्य में मुझे **मीना मेंडके** के नाम नाम से जाना व पहचाना जावे। विदित हो।

**मीना मेंडके**
**भवानीपुर द्वार 385-ए**
**सुदामा नगर इन्दौर**
**मो.98276-85194**

# हार पचाना मुश्किल लेकिन अंगुली नहीं उठाना चाहता: श्रेयस




**धर्मशाला।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने इंडियर प्रीमियर लीग में गुरुवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ छह विकेट की हार के साथ लगातार पांचवीं शिकस्त झेलने के बाद स्वीकार किया कि उन्हें नॉकआउट में जगह सुनिश्चित करने के लिए अब करो या मरो के अंतिम दोनों मैच जीतने होंगे। पंजाब की टीम सात मैच के बाद अजेय थी और शीर्ष पर चल रही थी लेकिन लगातार पांचवीं हार के बाद 12 मैच में 13 अंक के साथ चौथे स्थान पर है।

### तिलक की पारी की तारीफ की

पंजाब के 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई की टीम ने तिलक वर्मा (75 रन, 33 गेंद, छह चौके, छह छक्के) के तेजतर्रार अर्धशतक और विल जैक्स (10 गेंद में नाबाद 25, दो चौके, दो छक्के) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 20 गेंद में 56 रन की अटूट साझेदारी से 19.5 ओवर में चार विकेट पर 205 रन बनाकर जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन (48) ने भी उम्दा पारी खेली। तिलक ने शेरफेन रदरफोर्ड (20) के साथ भी चौथे विकेट के लिए 61 रन जोड़े। अय्यर ने मैच के बाद कहा, यह हार पचाना मुश्किल है। मैं किसी एक खास स्थिति पर अंगुली नहीं उठाना चाहता। यह क्रिकेट का एक शानदार मैच था। उसने (तिलक ने) जबरदस्त पारी खेली और क्षेत्ररक्षण के हिसाब से खेला इसलिए इसका श्रेय उसी को जाता है। पंजाब के कप्तान अय्यर ने अजमतुल्लाह उमरजई की सराहना की जिन्होंने डेथ ओवरों में 17 गेंद में दो चौकों और चार छक्कों से 38 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर आठ विकेट पर 200 रन तक पहुंचाया। अय्यर ने कहा, एक समय ऐसा लग रहा था कि हम 170-180 रन बना पाएंगे लेकिन उसने पूरी तरह से मैच का रुख हमारी तरफ मोड़ दिया। 200 रन तक पहुंचना एक काबिले तारीफ प्रदर्शन था। अय्यर ने कहा कि उन्हें दोनों मैच जीतकर नॉटआउट में अपनी जगह पक्की करनी होगी। उन्होंने कहा, अगले मौके को लेकर हम निश्चित रूप से उत्साहित हैं। यह दोपहर का मैच है और हमें दोनों मैच जीतने होंगे। हम खेलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

इससे पहले सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (57 रन, 32 गेंद, छह चौके, चार छक्के) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा प्रियांश आर्य (22) के साथ पहले विकेट के लिए 50 और कूपर कोनोली (21) के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन जोड़कर पंजाब को ठोस मंच प्रदान किया लेकिन शारदुल (39 रन पर चार विकेट) ने बीच के ओवरों में मुंबई को जोरदार वापसी दिलाई। दीपक चाहर ने भी 36 रन देकर दो विकेट चटकाए। अजमतुल्लाह उमरजई ने हालांकि अंत में 17 गेंद में दो चौकों और चार छक्कों से 38 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर आठ विकेट पर 200 रन तक पहुंचाया।

#### जूनियर टेनिस टूर्नामेंट टेलेन्ट सीरीज

## त्रिषिर धवन, एवं साहयाद्री चावड़ा को दोहरा खिताब



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्य प्रदेश टेनिस संघ के द्वारा इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित की गई प्योराशोर ऑल इण्डिया ऑल इण्डिया टेलेन्ट सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट में खेले गए फाइनल मुकाबले में मध्यप्रदेश के त्रिषिर धवन ने बालक वर्ग 14 वर्ष आयु का दोहरा खिताब जीता तथा बालिका वर्ग 14 वर्ष आयु का दोहरा खिताब गुजरात की साहयाद्री चावड़ा ने जीत लिया है। स्पर्धा का समापन समारोह कुलविंदर सिंह गिल, महासचिव, बासकेटबॉल फेडरेशन ऑफ इण्डिया, सुनील बजाज, महासचिव, बिलियर्डस एण्ड स्नूकर फेडरेशन ऑफ इण्डिया, अनिल धूपर, पूर्व महासचिव अखिल भारतीय टेनिस संघ के आतिथ्य में किया। समारोह का संचालन इरफान अहमद द्वारा किया गया है।

## देव्ज एकेडमी फाइनल में





**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** एमपीसीए 'ए' ग्रेड लेट सुरेश चंद्र लुनावत अंडर-18 दो दिवसीय ट्रॉफी के सेमीफाइनल मैच बढ़िया कीमा मैदान पर देव्ज और एनसीए के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में देव्ज एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में आशमन नायर के 74 की बदौलत 57.5 ओवरों में अपने सभी विकेट खोकर 172 रन बनाए जिसमे एनसीए की ओर से अर्णव पुण्धीर ने 4 और शाहनवाज ने 3 विकेट लिए। पहली पारी के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एनसीए शुरुआत से ही देव्ज के सामने लड़खड़ाती हुइ नज़र आईं। पहली पारी में देवज़ के विवान पांडे ने सर्वाधिक 6 और मोहित पटेल ने 3 विकेट लिये जिससे एनसीए अपनी पहली पारी में 49.2 ओवर में 122 रन ही बना पाई और इस तरह देव एकेडमी को 50 रन की बढ़त मिल गई। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक देव्ज एकेडमी ने 33 ओवर में 120 रन बनाए, इस तरह मैच ड्रा की ओर चला गया और देव्ज को पहली पारी की लीड के आधार पर फाइनल में प्रवेश मिल गया।

## स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप चयन प्रतियोगिता 17 को

**इंदौर ।** मध्य प्रदेश स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा 17 मई को नेहरू स्टेडियम में आयोजित होगी। इंदौर में अन्तर संभागीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग और इंकलाइन बैंच प्रेस चैंपियनशिप एवं मध्य प्रदेश टीम चयन प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। चयनित खिलाड़ी छत्तीसगढ़ में 19 से 21 जून तक आयोजित होने वाली पश्चिमी भारत स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप एवं इंकलाइन बैंच प्रेस चैंपियनशिप तथा नवम्बर में गुजरात में होने वाली छत्तीशवीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश स्ट्रेंथ लिफ्टिंग टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे । इंदौर के और बाहर से आने वाले खिलाड़ियों का वज़न 16 मई को शाम को होगा और जो खिलाड़ी 16 मई को अपना वज़न नहीं कर सकते है उनका वजन 17 मई को सुबह होगा। यह प्रतियोगिता टीन एज टीन एज, सब जूनियर, सीनियर, मास्टर 1,2,3 और हैंडीक्राफ्ट के लिए आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता में इंदौर संभाग, भोपाल संभाग, जबलपुर संभाग, उज्जैन संभाग, रीवा संभाग, ग्वालियर संभाग, चम्बल संभाग, सागर संभाग, इसके अतिरिक्त और भी संभाग प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

## एशियन सीनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में शिरकत कर रहे खनूजा



**इंदौर ।** इंडियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के तत्वावधान में गुजरात के गांधीनगर में 2026 तक एशियन सीनियर (पुरुष एवं महिला) वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का गवाह बनने के लिए मध्य प्रदेश वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष दविंदर सिंह खनूजा गांधीनगर प्रवास पर हैं। इंडियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के अध्यक्ष सहदेव यादव ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अध्यक्ष एवं सचिवों को इस आयोजन के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया है। मध्य प्रदेश वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव डॉ. शरद नागर ने बताया कि इस स्तर की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश के पदाधिकारियों की उपस्थिति से राज्य के उभरते हुए वेटलिफ्टरों को नई ऊर्जा मिलेगी और खेल की बारीकियों को समझने का अवसर प्राप्त होगा।

## वेस्ट जोन को साफ्टबॉल टीमों को बड़ी सफलता

**इंदौर ।** विशाखापत्तनम में 9 से 11 मई तक हुई सीनियर इंटर जोन राष्ट्रीय साफ्टबॉल चैंपियनशिप में वेस्ट जोन की महिला व पुरुष टीमों ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए भारी सफलता अर्जीत की। वेस्ट जोन में म.प्र. के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। महिला वर्ग के वेस्ट जोन ने पहले मुकाबले में नार्थ जोन को 2-0 से, दूसरे मुकाबले में साउथ जोन को 3-0 से, तीसरे मुकाबले में ईस्ट जोन को 4-0 से तथा फाइनल मुकाबले में वेस्ट जोन ने नार्थ जोन को 4-2 से हराकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की।

# आज संजू सैमसन मचा सकते हैं धमाल



**चेन्नई ।** पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस आईपीएल 2026 के 58वें मुकाबले के बाद ऑरेंज कैप की रेस में ज्यादा कुछ बदलाव देखने को नहीं मिले हैं। टॉप-5 में हेनरिक क्लासेन, साई सुदर्शन, विराट कोहली, अभिषेक शर्मा और केएल राहुल बने हुए हैं। क्लासेन इस समय रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। हालांकि टॉप-10 में कुछ बदलाव देखने को मिले हैं। पंजाब किंग्स के प्रभसिमरन सिंह (439) और कूपर कोनोली (436) क्रमशः 8वें और 9वें पायदान पर पहुंच गए हैं। वहीं मुंबई इंडियंस के रायन रिकल्टन (430) संयुक्त रूप से 10वें नंबर पर है।

**हेनरिक क्लासेन के पास ऑरेंज कैप-** सनराइजर्स हैदराबाद के विस्फोटक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन 508 रनों के साथ ऑरेंज कैप के लीडरबोर्ड में सबसे आगे चल रहे हैं। उनके अलावा गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ही इस सीजन 500 रन का आंकड़ा पार कर पाए हैं। सुदर्शन के नाम 501 रन दर्ज हैं। वहीं विराट कोहली ने पिछले मैच में शतक जड़ टॉप-5 में अपनी जगह बनाई थी। वह कुल 484 रनों के साथ लिस्ट में तीसरे पायदान पर हैं। चौथे नंबर पर एसआरएच के ही अभिषेक शर्मा 481 रनों के साथ हैं, वहीं पांचवें और आखिरी पायदान पर दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल 477 रनों के साथ बने हुए हैं। टॉप-5 में शामिल इन खिलाड़ियों के बीच रनों का ज्यादा अंतर नहीं है, जिस वजह से अपना मैच होने पर खिलाड़ी एक दूसरे से ऑरेंज कैप छीन सकते हैं। अभी तक हुए 58 मैचों में ऐसा ही देखने को मिला है। ज्यादा दिनों तक इस सीजन किसी खिलाड़ी के पास ऑरेंज कैप नहीं टिकी है।

आज का आईपीएल मैच चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच खेला जाना है। ऑरेंज कैप की रेस में सीएसके के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन की नजरें टॉप-5 पर होगी। सैमसन फिलहाल 430 रनों के साथ 10वें पायदान पर है। टॉप-5 में जगह बनाने के लिए उन्हें कम से कम आज 48 रन बनाने होंगे। वहीं अगर सैमसन आज शतक ठोकते हैं या उसके आसपास भी पहुंचते हैं तो नंबर-1 के लिए हेनरिक क्लासेन को भी टक्कर दे सकते हैं। लखनऊ सुपर जाएंट्स के मिचेल मार्श पर भी नजरें होंगी। भले ही उनकी टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई है, मगर मार्श ने इस सीजन एलएसजी के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। 377 रनों के साथ वह टॉप-15 खिलाड़ियों की लिस्ट में बने हुए हैं। मार्श इस सीजन एलएसजी के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं।

# ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली कीटनाशक बेचने वाली गैंग दबोची

## गोदरेज और गुड नाईट का जखीरा बरामद, गुजरात के कच्छ से इंदौर आकर खपा रहे थे नकली माल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

आम जनता की सेहत और भरोसे के साथ खिलवाड़ करने वाले जालसाजों के खिलाफ इंदौर पुलिस ने कड़ा प्रहार किया है। नामी कंपनी गोदरेज के ट्रेडमार्क का गलत इस्तेमाल कर नकली कीटनाशक बेचने वाले गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी गुजरात से बेहद कम दामों पर नकली माल लाकर इंदौर के बाजारों में ऊंचे मुनाफे पर बेच रहे थे।

पुलिस को अन्वेष आईपीआर सर्विसेस के माध्यम से सूचना मिली थी कि हीरा नगर थाना क्षेत्र के सुखलिया और दीनदयाल उपाध्याय नगर में भारी मात्रा में नकली कीटनाशक उत्पादों की सप्लाई की जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच और हीरा नगर पुलिस ने कीट नाशक निरीक्षक सी.एल. मालवीय के साथ मिलकर एक विशेष टीम बनाई और घेराबंदी की।पुलिस ने मौके से आरोपी महेश चौहान और हरीश चावडा दोनों निवासी कच्छ, गुजरात को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से चार बोरियां बरामद हुईं, जिनमें भारी मात्रा में अवैध माल भरा था। बरामद सामान में 70 बोतल काला हिट, 26 बोतल लाल हिट और करीब 1450 गुड नाइट रिफिल पैक शामिल है। विशेषज्ञों ने मौके पर ही उत्पादों की जांच की और उन्हें 'नकली' और 'अमानक' करार दिया। आरोपियों ने कबूल किया कि वे गुजरात से यह माल लाकर इंदौर के छोटे दुकानदारों और नागरिकों को असली बताकर बेचते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट और धोखाधड़ी की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।आरोपियों से पूछताछ की जा रही है कि इंदौर में वे किन-किन दुकानों पर यह माल सप्लाई कर चुके हैं और गुजरात में इस नकली माल को बनाने वाली मुख्य फैक्ट्री कहाँ संचालित हो रही है।



# 1.80 लाख की ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

शहर में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत द्वारकापुरी पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक युवक को दबोचा है, जो क्षेत्र में नशा सप्लाई करने की फिराक में था।



द्वारकापुरी पुलिस को सूचना मिली थी कि सूर्यदेव नगर के खाली मैदान में एक संदिग्ध युवक मादक पदार्थ के साथ मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस को देखकर युवक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान रोहन पिता राजू राठौर निवासी चांदमारी ईंट का भट्टा के रूप में हुई है। जब पुलिस ने रोहन की तलाशी ली, तो उसके पास से 18 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब्त की गई इस ड्रग्स की कीमत करीब 1 लाख 80 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी रोहन के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। अब पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी यह नशा कहाँ से लेकर आया था और शहर में किन-किन लोगों को इसकी सप्लाई करने वाला था। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में नशे के कारोबार से जुड़े कुछ और बड़े नामों का खुलासा हो सकता है।

# धानगली में उत्पात मचाने वाले बदमाशों की सीसीटीवी से हुई पहचान

## सराफा पुलिस ने दो को दबोचा, चोरी के बर्तन बरामद

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

सराफा थाना क्षेत्र की धानगली में मंगलवार देर रात उत्पात मचाने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय लोगों द्वारा बनाए गए वीडियो के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पकड़े गए बदमाशों के पास से चोरी किए गए बर्तन और अन्य सामान भी बरामद कर लिया गया है।



सोमवार देर रात तीन बदमाश धान गली में दाखिल हुए थे। यहाँ उन्होंने एक चाय की दुकान को निशाना बनाया और वहां से गैस भट्टी, बर्तन व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। इसके बाद बदमाशों ने आसपास की अन्य दुकानों के ताले तोड़ने का भी प्रयास किया। इसी बीच आहट पाकर कुछ रहवासी जाग गए और उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। खुद को घिरता देख बदमाश बौखला गए और भागते समय गली में खड़ी कई दोपहिया गाड़ियों को नीचे गिराकर नुकसान पहुँचाया। बदमाशों की यह पूरी करतूत इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों और जागरूक रहवासियों के मोबाइल में कैद हो गई थी। सूचना मिलते ही सराफा पुलिस मौके पर पहुँची और फुटेज को अपने कब्जे में लिया। हुलिए और चाल-ढाल के आधार पर पुलिस ने तत्काल टीम गठित की और दो संदिग्धों को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने चाय दुकान से चोरी की बात स्वीकार कर ली है, जिनके पास से सामान बरामद हो चुका है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, पकड़े गए आरोपियों से उनके तीसरे फरार साथी के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि फरार आरोपी के ठिकानों का पता लगा लिया गया है और उसे भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# टैंकर का टैंक ऑयल फूटा तो रोड पर फिसले एक दर्ज से अधिक लोग

## छात्रा को आई हाथ में चोट, निगम की टीम ने पहुंचकर डाला चूना, लोगों का गुस्सा फूटा तो पुलिस भी पहुंची



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

माता अन्नपूर्णा देवी मंदिर के समीप आज मुख्य मार्ग पर सुबह रोड पर आयल पसरा होने की वजह से कई वाहन चालक इसकी चपेट में आए और कुछ वाहन चालक करीब एक दर्जन के समीप इस आयल की चिकनाहट में ब्रेक लगाने के बाद फिसले और चोटिल भी हुए। मिली जानकारी के मुताबिक आज सुबह एक टैंकर यहां से निकल रहा था तबी गर्मी की वजह से उसका आयल टैंक फूट गया, इसमें आयल भरा हुआ था और देखते ही देखते यह आयल बड़े क्षेत्र में पसर गया। जब तक टैंकर चालक को पता पड़ता तब तक रोड पर यह आयल फैला और जब पीछे से वाहन चालक आए और उन्होंने जल्दबाजी में ब्रेक लगाए तो वाहन फिसलते चले गए, एक के बाद एक करीब एक दर्जन वाहन फिसले जिसमें एक छात्रा को तो ज्यादा चोंटे आई और हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ। बाद में बताया गया कि छात्रा को फ्रेक्चर हुआ है। इस घटना की जानकारी आक्रोशित लोगों ने नगर निगम झोन और अन्नपूर्णा थाना को दी। निगम की टीम ने पहुंचकर यहां आयल पर चूना डाला और इधर पुलिस ने बेरिकेट्स लगाकर रास्ता रोका। तब तक कई लोग इस आयल की फिसलन का शिकार हो चुके थे। पुलिस अब वीडियो फुटेज खंगाल रही है कि कौन-सा टैंकर था और उसका नम्बर क्या था।





# सड़क पर बदमाशों नें लगाया मजमा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें तीन युवकों द्वारा एक एक्टिवा में तोड़फोड़ की जा रही है। वहीं चालक से विवाद भी हो रहा है। वीडियो जवाहर मार्ग का बताया जा रहा है जहां तीन युवकों ने मामूली टक्कर के बाद एक्टिवा सवार को पीटा और एक्टिवा में तोड़फोड़ कर दी। हालांकि मामले की फिलहाल अधिकाधिक पुष्टि नहीं हुई।

# महिला की मौत अटैक की आशंका

**इन्दौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र के जीत नगर में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।हार्ट अटैक से उसकी मौत होने की संभावना जताई जा रही है।। मृतका का नाम ज्योति पति सुनील(35) निवासी जीत नगर है। बताया जा रहा है कि ज्योति को अचानक सीने में दर्द और बेचैनी महसूस हुई, जिसके बाद उन्हें तुरंत उपचार के लिए ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत का प्राथमिक कारण साइलेंट अटैक बताया जा रहा है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।